दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....

घर पर फल का जूस बनाते समय ...8

सिद्धार्थनगर
मंगलवार, 12 मई 2026
वर्षः 13 अंकः 143 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादकः राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## सोमनाथ में पीएम मोदी की महादेव–पूजा, अमृत महोत्सव पर भव्य रोड शो से गूंजा गुजरात




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना की। यह महोत्सव भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। भगवान शिव को समर्पित बारह पूजनीय ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान भव्य समारोह आयोजित किए गए और भारी जनभाग ने भाग लिया। सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव के उत्सव के दौरान हेलीकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां भी बरसाई गईं। मंदिर परिसर में प्रवेश करने से पहले, मोदी ने सोमनाथ में आयोजित रोड शो के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर के रास्ते में एक जनसभा की और रास्ते भर उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित भीड़ जमा हुई। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि मोदी सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होने और उसी दिन बाद में वडोदरा में सरदार धाम का उद्घाटन करने के लिए गुजरात का दौरा करेंगे। सांघवी ने 9 मई को एएनआई को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 तारीख की रात को जामनगर पहुंच रहे हैं। जामनगर के लोग आदरणीय प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए एकत्रित हो रहे हैं, जिन्होंने भाजपा को देश भर के विभिन्न राज्यों में शानदार जीत दिलाई है। यात्रा से पहले, मोदी ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक और सभ्यतागत महत्व पर एक संपादकीय लेख साझा किया था। ग पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने लिखा कि मैंने 11 मई को सोमनाथ की अपनी आगामी यात्रा के बारे में एक संपादकीय लेख लिखा है और बताया है कि सोमनाथ और हमारी सभ्यता की महानता के संदर्भ में यह दिन हमेशा महत्वपूर्ण क्यों रहेगा। मैंने उन सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने हर तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए सोमनाथ की रक्षा की और इसकी गरिमा को पुनर्स्थापित किया।

## पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी का एक्शन, पहली कैबिनेट बैठक में लिए 6 बड़े फैसले



कोलकाता। बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को नबन्ना भवन की 14वीं मंजिल पर अपनी पहली कैबिनेट बैठक में भाग लेते हुए षसभी के लिए काम करनेष का वादा किया। उन्होंने अपनी सरकार के छह महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। राज्य के पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि बंगाल में पहली बार बिना किसी जानमाल के संकटमुक्त और भयमुक्त चुनाव हुए। हम जनता और चुनाव आयोग (ईसी) के आभारी हैं। साथ ही, हम कार्यकर्ताओं, सीएपीएफ, पर्यवेक्षकों, पश्चिम बंगाल पुलिस और कोलकाता पुलिस को धन्यवाद देते हैं। अधिकारी ने कहा कि हम सभी के लिए काम करेंगे...लोगों ने अपनी जान दी है, हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे...हम उन्हें न्याय दिलाएंगे और उनकी जिम्मेदारी लेंगे। अधिकारी ने बांग्लादेश के साथ सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 600 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि 45 दिनों के भीतर हम बीएसएफ को जमीन दे देंगे। कैबिनेट में इस संबंध में फैसला पारित हो चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्य सचिव और भूमि एवं राजस्व सचिव को इस त्वरित हस्तांतरण की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने स्कूलों में नौकरी के आवेदकों की आयु सीमा में पांच साल की बढ़ोतरी के एक प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया जैसा कि चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया था।

## मंत्रिमंडल विस्तार का असर जनता के हित में दिखना चाहिए, कानून–व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा पर उठाए सवालः मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल के हालिया विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल का घटाना–बढ़ाना और विस्तार सत्ताधारी दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार का सकारात्मक प्रभाव आमजन, विशेषकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में सुधार के रूप में दिखाई देना चाहिए, अन्यथा लोग इसे केवल राजनीतिक प्रबंधन और सरकारी संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ के रूप में देखेंगे।सोमवार को जारी बयान में मायावती ने कहा कि सरकार और मंत्रियों की कार्यप्रणाली में समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर तबकों के जान–माल, धर्म और सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि उन्हें न्याय मिल रहा है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।



### सोमनाथ से काशी तक सनातन विरासत का हो रहा पुनर्जागरण

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत':सीएम योगी



वाराणसी/लखनऊ। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत वाराणसी में आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से देश में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना साकार रूप ले रही है। उन्होंने कहा कि आज देश के प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक तीर्थस्थल अपने गौरव और वैभव के साथ विकास की नई यात्रा पर अग्रसर हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि सौराष्ट्र में भगवान सोमनाथ महादेव मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा और सुंदरीकरण, काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण, उज्जैन में महाकाल महालोक की स्थापना और अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य भारत की सनातन परंपरा के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक स्थलों का विकास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और आस्था के सम्मान का अभियान है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से वह प्रधानमंत्री का अभिनंदन करते हैं, जिनकी प्रेरणा से देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को नए स्वरूप में विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है।

## जयराम रमेश का बड़ा दावाः पीएम मोदी की 7 अपीलों के बाद लगेगा महंगाई का झटका

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सुझाव दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों से की गई सात अपीलें पश्चिम एशिया संकट से जुड़ी आर्थिक कठिनाइयों के बीच ईंधन की कीमतों में वृद्धि और मितव्ययिता उपायों की शुरुआत का संकेत हो सकती हैं। ग पर पोस्ट करते हुए रमेश ने कहा कि हैदराबाद में मोदी के संबोधन के दौरान की गई टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि आर्थिक स्थिति सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर हो सकती है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री द्वारा कल हैदराबाद से देश की जनता से की गई अप्रत्याशित अपील का मतलब निम्नलिखित हो सकता है कृ 1. आर्थिक स्थिति आधिकारिक आंकड़ों और प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा अब तक किए जा रहे दावों से कहीं अधिक गंभीर है। 2. ईंधन की कीमतों में वृद्धि सहित कड़े मितव्ययिता उपायों को जल्द ही लागू किया जा सकता है और उन्हें अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए माहौल तैयार किया जा रहा है। रमेश ने जमीनी आर्थिक वास्तविकता और सरकार के विकास और स्थिरता के दावों

## देशहित के हर फैसले पर राजनीति कर रही सपाः पंकज चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को अब देशहित के हर निर्णय में राजनीति दिखाई देने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश वैश्विक चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भरता, संसाधनों के संरक्षण और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रहा है, तब समाजवादी पार्टी जैसे दल जनता को भ्रमित करने और नकारात्मक राजनीति करने में लगे हैं।पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ऊर्जा बचत, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, अनावश्यक खर्चों में संयम और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है। यह किसी प्रकार की कमजोरी नहीं, बल्कि जिम्मेदार और दूरदर्शी नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को साझी जिम्मेदारी का संदेश दिया है, लेकिन समाजवादी पार्टी इसे भी राजनीतिक नजरिए से देखकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। कोरोना महामारी, वैश्विक आर्थिक मंदी और अंतरराष्ट्रीय बाजार की अस्थिरता के बावजूद देश ने विकास की गति बनाए रखी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप, रक्षा उत्पादन, रेलवे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और मेट्रो जैसे क्षेत्रों में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और दुनिया भारत के निर्णायक नेतृत्व तथा स्थिर नीतियों की सराहना कर रही है।

## खलीलाबाद–बहरेइच नई रेलवे लाइन परियोजना में विभाग की लापरवाही, बिना मुआवजा भूमि कब्जाने का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश /शशांक मिश्रा

सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन खलीलाबाद–बहरेइच नई रेलवे लाइन परियोजना को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। खेसरहा क्षेत्र के ग्राम केशवर निवासी पीड़ित किसान मोहम्मद नसीम ने रेलवे विभाग और तहसील प्रशासन पर बिना मुआवजा दिए उसकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान का कहना है कि उसकी कृषि भूमि ग्राम खेसरही में स्थित है। आरोप है कि रेलवे विभाग द्वारा भूमि की नापजोख कर लगभग 200/8 का पत्थर भी गाड़ दिया गया है। रेलवे के गजट प्रकाशन में भी इस भूमि का उल्लेख है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अब तक मुआवजे की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। किसान का कहना है कि अन्य प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है, जबकि उसकी भूमि को अधिग्रहण सूची से बाहर छोड़ दिया गया। मोहम्मद नसीम ने जिलाधिकारी, समाधान दिवस, आईजीआरएस समेत अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि राजस्व निरीक्षक और हल्का लेखपाल की रिपोर्ट में भी रेलवे द्वारा भूमि अधिग्रहण किए जाने की पुष्टि की गई है, इसके बावजूद प्रशासन भूमि अधिग्रहित न होने की बात कह रहा है। पीड़ित किसान ने धारा 80 सीपीसी के तहत संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजते हुए चेतावनी दी है कि यदि बिना उचित मुआवजा दिए उसकी फसल को नुकसान पहुंचाया गया अथवा भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया तो वह सक्षम न्यायालय में वाद दायर करेगा। किसान ने कहा कि इससे होने वाली किसी भी क्षति और कानूनी खर्च की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने और समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है।





## सांसद जगदम्बिका पाल के प्रयासों से सिद्धार्थनगर को मिली नई ट्रेन की सौगात

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर/डुमरियागंज। जनसुविधा और रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सिद्धार्थनगर जनपद को बड़ी उपलब्धि मिली है। क्षेत्रीय सांसद जगदम्बिका पाल के लगातार प्रयासों के बाद रेल मंत्रालय ने अमृतसर से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच नई ट्रेन चलाने की मंजूरी दे दी है। जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 14664/14663 अमृतसर–न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन बढ़नी और सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशनों के रास्ते होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को पंजाब और पश्चिम बंगाल के लिए सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी। बताया गया कि सांसद जगदम्बिका पाल ने पूर्व में रेल प्रशासन से डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बढ़नी और सिद्धार्थनगर को देश के प्रमुख शहरों से जोड़ने की मांग की थी। नई ट्रेन की स्वीकृति को सांसद के प्रयासों और जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग की बड़ी सफलता माना जा रहा है। नई अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन की खबर से सिद्धार्थनगर, बढ़नी और आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों, छात्रों तथा आम नागरिकों में खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि इससे आवागमन आसान होने के साथ–साथ क्षेत्र के व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## जिलाधिकारी ने ककरही–टड़िया–गायघाट सड़क का किया निरीक्षण, मरम्मत के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश







सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को ककरही–टड़िया–गायघाट सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर कई स्थानों पर पैच एवं क्षतिग्रस्त हिस्से पाए जाने पर उन्होंने तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि उक्त सड़क का निर्माण वर्ष 2023–24 में कराया गया था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क की गुणवत्ता का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण एवं मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) कमल किशोर, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए शिक्षिकाओं ने भरी हुंकार

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के सदस्यों ने सोमवार को जिलाध्यक्ष सुषमा सिंह की अगुवाई में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की मांग को लेकर बीएसए ग्रांउड में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा। शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए सुषमा सिंह ने कहा कि विगत 11 वर्ष से आकांक्षी सहित अन्य जनपदों से सरकार की गलत नीति के कारण शिक्षिकाओं का स्थानान्तरण इनके गृह जनपद में नहीं हो पा रहा है। इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव इनके परिवार पर पड़ रहा है। शिक्षक, शिक्षिकाएं घर से दूर होने के कारण यह अपने बुजुर्ग व बीमार मां–बाप, सास–ससुर, पति व बच्चों की देखभाल नही कर पा रहे हैं। नीति आयोग व राज्य सरकार चाहे तो सर्वे कराकर देख लें कि अपने घर परिवार से




दूर रहकर शिक्षिकाओं ने जिले को आकांक्षी की श्रेणी से बाहर निकाल दिया है। इसलिए अब इन्हें इनके गृह जनपद में स्थानांतरित किया जाना न्यायोचित होगा। कहा कि आकांक्षी जिला होने के कारण बेसिक शिक्षा विभाग में यहां से अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण पर प्रतिबंध है। जबकि इसी जिले के अन्य विभागों में स्थानांतरण प्रतिवर्ष हो रहे हैं। जिला महामंत्री रश्मि जायसवाल ने कहा कि शासन की ओर से जारी ट्रांसफर नीति में कहा गया था कि दो वर्ष के भीतर विकल्प के आधार पर शिक्षकों का ट्रांसफर उनके गृह जनपद में कर दिया जाएगा। लेकिन अभी भी हम सभी ट्रांसफर से वंचित है, इससे हमारा घर परिवार बिखर रहा है। आकांक्षी जिलों में कार्यरत शिक्षकों का परिवार ट्रांसफर न होने से अत्याधिक पीड़ा से गुजर रहा है। जिला कोषाध्यक्ष शशि वंदना दुबे ने कहा कि विगत वर्ष में भारांक सिस्टम के कारण शिक्षकों का स्थानांतरण दोषपूर्ण हुआ था। इसमें बदलाव कर शिक्षकों के वरिष्ठता आधारित नियमावली बनाते हुए अंतर्जनपदीय स्थानांतरण उसी क्रम में प्रति वर्ष किया जाए। धरने को रिचा अग्रवाल, निधि त्रिपाठी, रंजना निरंजन, अनिता आर्या, सुषमा मौर्या ने भी संबोधित किया। धरना में मधुरानी, आरती शुक्ला, बीनू शर्मा, श्रेया तिवारी, शिखा गुप्ता, कविता शर्मा, श्रुति शुक्ला, मंजुला पांडेय, शशिकला सिंह, अंकिता सिंह, शालिनी कुमारी, रेनू सिंह, प्रतिभा सिंह, साधना गुप्ता, प्रियंका, शिल्पा, पुष्प लता, पूजा त्रिपाठी, सरिता गौतम, उमा, स्नेहलता, अनीता सैनी, अंजना तिवारी, दीपशिखा, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।

# शोहरतगढ़– वाहन चेकिंग अभियान में 45 वाहनों का हुआ ई–चालान





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। सोमवार को शोहरतगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के शोहरतगढ़–चेतिया मोड़ पर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह की मौजूदगी में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने, बिना नंबर प्लेट तथा आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में चल रहे वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले कुल 45 वाहनों का ई–चालान करते हुए 56 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। चेकिंग के दौरान एक ऐसा वाहन भी पुलिस के संज्ञान में आया, जिसके आगे और पीछे लगे नंबर प्लेट में भिन्नता पाई गई। वहीं वाहन खरीदने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की भी विशेष जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। अभियान के दौरान निरीक्षक सुभाष यादव, उपनिरीक्षक संतोष यादव, उपनिरीक्षक रामबदन यादव, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव तथा कांस्टेबल रामकरन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सपा सांसद आवास घेराव में गरजीं भाजपा महिला कार्यकर्ता, महिला सम्मान के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "महिला जन आक्रोश अभियान" के तहत सोमवार को जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया। रुधौली एवं कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र की महिला कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र के नेतृत्व में सपा सांसद के आवास का घेराव कर धरना–प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए महिला सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं के मुद्दों को लेकर केवल राजनीति करने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता





के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ गांव–गांव तक पहुंच रहा है, जिससे महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक स्तर मजबूत हुआ है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल जनता को भ्रमित करने और सरकार की उपलब्धियों को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर–घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने का भी आह्वान किया। पूर्व प्रत्याशी संगीता जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, वहीं बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों के प्रति समाज की सोच बदलने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति जैसी योजनाओं से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे समाज में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। जिला उपाध्यक्ष शालिनी मिश्र ने कहा कि महिला जन आक्रोश अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं की आवाज को मजबूती देने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और पार्टी की महिला कार्यकर्ता हर स्तर पर महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हैं। कप्तानगंज के पूर्व विधायक सी.ए. चंद्र प्रकाश शुक्ला ने सपा सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण और महिला सम्मान के मुद्दे पर गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा नेतृत्व महिलाओं को उचित सम्मान नहीं देना चाहता, इसलिए जनता अब उनके खिलाफ आवाज उठा रही है। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन सुमन सिंह एवं दिलीप पाण्डेय ने किया। धरना–प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए महिला सुरक्षा और सम्मान के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर शिवांगी सिंह, प्रियंका पाण्डेय, वीना पाण्डेय, रंजना, मंजू देवी, शीला, मुनकी देवी, रेखा, नीलम गौड़, राधिका, सरिता, पुष्पा गौतम, पूनम गुप्ता, सावित्री देवी, लक्ष्मी देवी, सरिता यादव, यासमीन, संगीता देवी, मालती देवी, गुड़िया देवी, गीता, सुंदरी, बिंदु देवी, किरन, ललिता, अनीता समेत बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहीं।

# रात के अंधेरे में जेसीबी से हो रहा अवैध खनन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर





रात के अंधेरे में बेखौफ खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी मशीनों से अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार लगातार फल–फूल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बिना नंबर प्लेट वाले डंफर और ट्रैक्टर–ट्रालियों के माध्यम से रातभर अवैध मिट्टी की ढुलाई की जाती है। खनन माफिया अवैध तरीके से मिट्टी निकालकर उसे बाजारों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं, जिससे सरकार के राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश अवैध खनन रात के समय किया जाता है। दिन में कुछ डंफर और जेसीबी मशीनें भरौली पेट्रोल पंप के आसपास खड़ी दिखाई देती हैं और शाम ढलते ही खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं। क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में खनन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव न होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका।

# दबंगों ने मारा पीटा, एसपी से लगाया न्याय की गुहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मरवटिया गांव में दबंगों द्वारा विवाद में मारने पीटने, जान लेवा हमला कर मारने पीटने का मामला सामने आया है। राजपति देवी पत्नी शिवशंकर चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर घाायलों का मेडिकल और दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजी.त कर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है। एसपी को दिये पत्र में राजपति देवी ने कहा है कि गत 10 मई को उनके पति







शिवशंकर, दुर्गेश और दुर्गा खाना खाकर सौने जा रहे थे तभी उनके पड़ोसी नीरज पुत्र विष्णु, अपने रिश्तेदार रंजीत चौधरी पुत्र सीताराम, सुनील के साथ शराब पी रहे थे और उनके मेरे घर वालो को गालियां दे रहे थे। उनके घर वालों द्वारा गाली देने से मना किये जाने पर उक्त लोगों ने लाठी डन्डा लेकर उनक पति, पुत्र दुर्गेश व दुर्गा को मारने पीटने लगे। मारने में सुजाता व अन्य भी शामिल थे मारने पीटने से उनके पति व लड़के को गम्भीर चोटे आई है। पुरानी बस्ती पुलिस ने अभी तक न तो घायलों का मेडिकल कराया न ही मुकदमा दर्ज किया है। राजपति देवी ने मामले में मुकदमा दर्ज कराकर न्याय दिलाने की मांग किया है।

# कलेवा में जाने को लेकर पति–पत्नी में विवाद, युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

कुशीनगर। जनपद के कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी विनोद शाह उर्फ दुखी शाह पुत्र दहारी शाह उम्र 30 वर्ष की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का आरोप है कि घरेलू कलह और पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि विनोद शाह गुजरात में पेंट की ठेकेदारी का काम करता था और करीब 10 दिन पहले गांव आया था। जिसके बाद 5 मई को शादी समारोह में शामिल हुआ। वह अपने बड़े भाई मल्लू की बेटी का "कलेवा" कार्यक्रम में शामिल होने जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बात को लेकर पति–पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। परिजनों के अनुसार पत्नी द्वारा जाने से मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई थी। मृतक के बड़े पुत्र कृष्णा शाह ने बताया कि घटना वाले दिन उसकी मां ने घर को अंदर से बंद कर लिया था और दरवाजा नहीं खोलने दे रही थी। मृतक के बच्चे के अनुसार मम्मी हम लोगों की पिटाई भी की थी और बोली थी कि अगर दरवाजा खोलोगे तो जान से मार दूंगी। घटना के बाद देर शाम विनोद शाह घर से निकल गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो परिवार चिंतित हो उठे। बाद में पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर परिजनों को उनकी मौत की जानकारी हुई। परिजनों के अनुसार ट्रेन से कटने के कारण शव बुरी तरह क्षत–विक्षत हो गया था। मृतक का सिर और दोनों बांह शरीर से अलग होकर लगभग पांच फीट दूर जा गिरे थे, जबकि एक पैर भी शरीर से अलग हो गया था। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों की रूह कांप उठी। मृतक के भतीजे अरुण शाह ने बताया कि "दो दिन पहले भी चाची ने चाचा को मारकर उनका सिर फोड़ दिया था। घर के लोग डर की वजह से ज्यादा बचाव नहीं कर पाते थे, क्योंकि वह हमेशा पुलिस में केस कर सबको फंसाने की धमकी देती रहती थीं। ग्रामीणों के अनुसार पति–पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था और इसी वजह से आसपास के लोग भी परेशान रहते थे। विनोद शाह चार भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार अलग–अलग रहता था। उनकी शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व रीना देवी से हुई थी। दंपति के तीन बच्चों में कृष्णा 8 वर्ष, रितेश 6 वर्ष और सत्यम 4 वर्ष है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी कुबेरस्थान हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना की हर पहलू की जांच की जा रही है अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सौ दिवसीय टीबी अभियान के तहत हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में हैंड हेल्ड एक्स–रे के माध्यम से की गई टीबी जांच

कुशीनगर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत जनपद मे चिन्हित हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से टीबी की जांच किए जाने के क्या में 11 मई दिन सोमवार को सीएचसी सेवरही के अंतर्गत हाई रिस्क ग्राम गढ़ईया चिन्तामणि, सीएचसी तमकुही के अंतर्गत हाई रिस्क ग्राम बसडीला महन्थ तथा सीएचसी रामकोला के हाई रिस्क ग्राम बिहुली सोमाली में आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हैंड हेल्ड एक्स–रे मशीन से मौके पर ही छाती का एक्स–रे किया गया। साथ ही लक्षण आधारित टीबी स्क्रीनिंग कर चिन्हित संभावित रोगियों के बलगम के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एस. एन. त्रिपाठी ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत जिले की सभी हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिन आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से जांच की जा रही है। इन शिविरों के माध्यम से ईंट भट्ठा श्रमिक, फैक्ट्री मजदूर, प्रवासी कामगार, मलिन बस्तियों तथा पूर्व में टीबी से ग्रसित रहे मरीजों की प्राथमिकता से जांच की जा रही है। शिविर में उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, निःशुल्क इलाज तथा निक्षय पोषण योजना के माध्यम से मिलने वाले 1000 रुपये प्रतिमाह पोषण भत्ते की जानकारी दी गई। डॉ. एस. एन. त्रिपाठी ने जनपद के सभी सम्भ्रांत व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील किया है कि वे निक्षय मित्र बनकर अधिक से अधिक टीबी रोगियों को गोद लें और उन्हें पोषण एवं भावनात्मक सहयोग प्रदान करें।

# सिद्धार्थनगर में पोखरे में डूबकर युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले के कपिलवस्तु नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार को पोखरे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक घर से भैंस नहलाने के लिए गया था, तभी वह गहरे पानी में चला गया और हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार कपिलवस्तु नगर पंचायत क्षेत्र निवासी आकाश भारती (19) सोमवार सुबह अपनी भैंस को नहलाने गांव के पोखरे पर गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। पोखरे के पास मौजूद दो महिलाओं ने उसे डूबता देख शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल युवक को बचाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आकाश को पोखरे से बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे आनन–फानन में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# सऊदी अरब में रोजगार के अवसर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र के माध्यम से अब यहाँ के बेरोजगार अभ्यर्थियों को विदेशों में भी नौकरी करने के अवसर मिलेंगे। सेवायोजन विभाग के माध्यम से सऊदी अरब में फैब्रिकेशन सुपरवाइजर, स्ट्रक्टर फैब्रिकेटर, मैकेनिकल टेक्निशियन, फेब्रिकेशन फोरमैन, बिल्डर, अपेक्षित ट्रेड आई0टी0आई0 और डिप्लोमा धारी ट्रेड के प्लम्बर टेक्निकली, स्ट्रक्टर वेल्डर आदि के पदों पर आवेदन कर सकते है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए रू0 50,000 से लेकर रू0 1,00,000 तक का वेतन पैकेज मिलेगा। विदेशों में नौकरी प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग द्वारा पोर्टल पर निःशुल्क रूप से पंजीकरण करा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद अपने यूजर आईडी का प्रयोग करके ऑनलाइन आवेदन कर इसका लाभ उठा सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 24 वर्ष से 48 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। बेरोजगार अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि इच्छुक अभ्यर्थी समय के अंदर अपना आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मिशन के अंतर्गत विकसित पोर्टल से समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# डीपीआरओ और जिलाधिकारी को पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन, कहा– समस्याओं का समाधान नहीं तो काम नहीं

**दैनिक बुद्ध का संदेश**






सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय एवं डीपीआरओ कार्यालय पर सोमवार को पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। जिला अध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में पंचायत सहायकों ने जिलाधिकारी एवं डीपीआरओ को लिखित ज्ञापन देकर नियमित मानदेय, उपकरण उपलब्ध कराने तथा कार्य परिस्थितियों में सुधार की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि पंचायत सहायकों को मात्र 6000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई में बेहद कम है। उन्होंने कहा कि इतनी कम राशि में परिवार का भरण–पोषण करना मुश्किल हो गया है। साथ ही पंचायत सहायकों को समय से मानदेय भी नहीं मिल पा रहा है। किसी का दो महीने तो किसी का दस महीने तक का भुगतान लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत सहायकों से अन्य विभागों के कार्य भी कराए जाते हैं, लेकिन उसका श्रेय किसी और को दिया जाता है। कार्य करने के लिए जरूरी उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। पंचायत सहायकों ने यह भी कहा कि जहां अतिरिक्त भुगतान की संभावना रहती है वहां उनकी ड्यूटी नहीं लगाई जाती, जबकि बिना किसी अतिरिक्त सुविधा वाले कार्यों में उनकी तैनाती कर दी जाती है। वर्तमान में चल रही स्व–गणना प्रक्रिया में बिना किसी प्रशिक्षण के पंचायत सहायकों पर कार्य का दबाव बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पंचायत सहायकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिला मंत्री अशोक कुमार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जीवन सिंह राजपूत, जिला संयोजक गौरी शंकर राय, जिला मंत्री दीप नारायण यादव, जिला सचिव अजय कुमार, मीडिया प्रभारी विनय, प्रवक्ता गायत्री, कोषाध्यक्ष वैभव, जिला उपाध्यक्ष सनौवर, ब्लॉक अध्यक्ष नौगढ़ जितेंद्र प्रताप यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शोहरतगढ़ दीपक शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बर्डपुर नसीम तथा ब्लॉक अध्यक्ष उसका प्रवीण पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर में जनगणना को लेकर मीडिया कार्यशाला सम्पन्न, 7 मई से शुरू हुई स्वगणना प्रक्रिया

**दैनिक बुद्ध का संदेश**






सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश में जनगणना 2026 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के तहत 7 मई 2026 से स्वगणना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 21 मई 2026 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि स्वगणना प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर–घर जाकर जनगणना के 33 प्रश्नों से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। वहीं 7 मई से 21 मई तक आम नागरिकों को स्वयं अपने मोबाइल, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन स्वगणना करने की सुविधा दी गई है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह देश में पहली बार हो रहा है, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी बनेगी। नागरिक सेन्सस पोर्टल पर जाकर अपने परिवार से जुड़ी समस्त जानकारी स्वयं भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पहले ही स्वगणना कर ली होगी, उन्हें प्रगणक के आने पर अपना 11 अंकों का सीड नंबर बताना होगा। प्रगणक उस सीड को दर्ज कर जानकारी का सत्यापन करेंगे। स्वगणना के दौरान प्रगणक द्वारा संशोधन भी किया जा सकेगा, हालांकि परिवार के मुखिया का नाम एक बार दर्ज होने के बाद उसमें संशोधन नहीं होगा। अपर जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे स्वयं स्वगणना करें तथा आमजन को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करें।

## वट सावित्री व्रत पर महिला शिक्षिकाओं के लिए विशेष अवकाश की मांग, यूटा ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

सिद्धार्थनगर। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) सिद्धार्थनगर के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 16 मई 2026 को पड़ने वाले पावन वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिला शिक्षिकाओं के लिए विशेष अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। ज्ञापन में महिला शिक्षिकाओं की धार्मिक आस्था एवं पारिवारिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए संगठन ने उक्त तिथि पर विशेष अवकाश प्रदान करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे महिला शिक्षिकाएं अपने धार्मिक अनुष्ठान एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन सुगमता से कर सकेंगी। संगठन के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि महिला शिक्षिकाओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन सकारात्मक निर्णय लेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडल अध्यक्ष बस्ती हरिमोहन सिंह श्रीनेत, जिलाध्यक्ष अभय कुमार पांडेय, महामंत्री प्रकाश नाथ त्रिपाठी तथा मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार शिवम उपस्थित रहे।

# अल फुरकान पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**दैनिक बुद्ध का संदेश**



बांसी। अल फुरकान एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अल फुरकान पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक शैक्षणिक मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक इंजीनियर ऐमन यूसुफ ज़ई ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो किसी भी समाज और राष्ट्र को प्रगति एवं सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत और सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा उत्पन्न करते हैं। मौलाना शेख अब्दुल ख़बीर मदनी ने कहा कि सम्मान समारोह विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस रैंकिंग में सिद्धार्थनगर का शानदार प्रदर्शन, तीन तहसीलों ने प्रदेश में पाया प्रथम स्थान

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

सिद्धार्थनगर। शासन द्वारा जारी आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) की अप्रैल 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सिद्धार्थनगर जनपद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में 22वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जनपद की तहसील नौगढ़, डुमरियागंज एवं इटवा ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के आधार पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को त्वरित न्याय एवं राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी अधिकारी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तो आगामी रैंकिंग में सिद्धार्थनगर जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान भी प्राप्त कर सकता है। जनपद की इस उपलब्धि से प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है तथा बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिला है।

## शिवनगर डिड़ई थाने में पीस कमेटी की गोष्ठी सम्पन्न, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**दैनिक बुद्ध का संदेश**




खेसरहा/सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना शिवनगर डिड़ई में पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने की। थाना परिसर में आयोजित बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सम्भ्रांत व्यक्तियों तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने सभी से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। गोष्ठी के दौरान मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# शहीदों के सम्मान में हुआ सामूहिक हवन कार्यक्रम, सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**दैनिक बुद्ध का संदेश**



भनवापुर/सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के विशुनपुर हरी मंदिर परिसर में रविवार को समस्त राष्ट्रवादी युवाओं एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में "एक शाम शहीदों के नाम" सामूहिक हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने सहभागिता कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात देश की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों के बलिदान को याद किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक हवन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर राष्ट्र की सुख–समृद्धि, एकता एवं अखंडता की कामना की। कार्यक्रम स्थल देशभक्ति के नारों और राष्ट्रभक्ति के वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन कल्याण समिति के सचिव सच्चिदानंद मिश्रा ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और समाज सेवा के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। वहीं राष्ट्रवादी युवा दल के रमेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद केवल किसी परिवार या क्षेत्र के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। श्री राम जानकी गुरुकुलम के संस्थापक बृजेश पाठक ने कहा कि भारत की संस्कृति सदैव त्याग, तपस्या और राष्ट्रभक्ति की रही है। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान में आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी लोगों से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान पटवा धर्मार्थ समिति के अध्यक्ष राम दवन पटवा ने अपने संबोधन में कहा कि देश के वीर शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा की है। आज प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानते हुए समाज में भाईचारा, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करे। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, शिक्षा और राष्ट्र सेवा के कार्यों में आगे आने की अपील की। आयोजकों ने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज का युवा यदि उनके आदर्शों को अपनाए तो देश और समाज दोनों मजबूत होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना तथा समाज को एकजुट करना है। इस अवसर पर जन कल्याण समिति, राष्ट्रवादी युवा दल, पटवा धर्मार्थ समिति एवं लड्डू गोपाल मठ क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल एवं प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा राष्ट्रहित में सदैव कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रमेश वर्मा, पंकज उपाध्याय, मथुरा यादव, राज अग्रहरि, सूरज पटवा, संजय पाण्डेय, आशीष, सुरेश चौरसिया, राजू विश्वकर्मा, प्रवेश कुमार, राम दवन पटवा, संदीप मिश्रा, विजय पाल चतुर्वेदी, घनश्याम गुप्ता, सलमान मलिक, शिवकरन चौरसिया, अखिलेश शास्त्री, प्रियंका श्रीवास्तव, श्रीधर मिश्रा, चेतन मिश्रा, मोहम्मद हुसैन, सर्वेश सहित सभी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बेलौहा बाजार में अतिक्रमण बना बड़ी समस्या, हर दिन लग रहा जाम

**दैनिक बुद्ध का संदेश** /शशांक मिश्रा



खेसरहा/सिद्धार्थनगर। बांसी–खलीलाबाद मार्ग स्थित बेलौहा बाजार में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के चलते आए दिन जाम की समस्या गहराती जा रही है। सबसे अधिक परेशानी शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान होती है, जब सड़क पर वाहनों और लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। कई बार लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है, जिससे राहगीरों, मरीजों और स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के बाद कुछ समय के लिए स्थिति सामान्य हुई थी, लेकिन धीरे–धीरे फिर से दुकानदारों और ठेला–फुटकर व्यापारियों द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर लिया गया। इसके अलावा टैक्सी स्टैंड और पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से ई–रिक्शा, बाइक और अन्य वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है। बाजार में कई जगह ई–रिक्शा चालक सड़क के बीचोंबीच सवारी बैठाने और उतारने लगते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। वहीं सड़क के दोनों तरफ स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण के कारण लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने, बाजार क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था कराने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

# पुरुष आयोग और पुलिस शिकायत आयोग गठन की मांग को लेकर आजाद अधिकार सेना का प्रदर्शन

**दैनिक बुद्ध का संदेश** /शशांक मिश्रा




खेसरहा/सिद्धार्थनगर। आजाद अधिकार सेना ने सोमवार को जिलाध्यक्ष उपेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में बांसी तहसील परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पुरुष आयोग एवं पुलिस शिकायत आयोग के गठन की मांग उठाई। इस दौरान तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रत्यावेदन में कहा गया कि देश में महिलाओं से जुड़ी गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न आयोग कार्यरत हैं, लेकिन बदलते सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवेश में पुरुषों के उत्पीड़न और शोषण के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में केवल महिलाओं को ही पीड़ित मानना उचित नहीं है, बल्कि कई बार पुरुष भी अन्याय और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन ने केंद्र एवं राज्यों में महिला आयोग की तर्ज पर पुरुष आयोग के गठन की मांग की। इसके साथ ही ज्ञापन में पुलिस व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए। संगठन का कहना है कि आम नागरिकों की पुलिस के खिलाफ शिकायतों की जांच अक्सर वही अधिकारी या उनके वरिष्ठ अधिकारी करते हैं, जिन पर आरोप लगाए जाते हैं। इससे मामलों के निष्पक्ष निस्तारण पर सवाल खड़े होते हैं और कई शिकायतें दबा दी जाती हैं। आजाद अधिकार सेना ने मांग की कि पुलिस के विरुद्ध आने वाली शिकायतों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर पुलिस शिकायत आयोग का गठन किया जाए, ताकि आम जनता को न्याय मिल सके।

# सम्पादकीय

**राज्य में कानून व्यवस्था, खासकर महिला सुरक्षा का बड़ा मुद्दा रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद राज्यव्यापी आक्रोश पनपा था। संदेशखाली में महिलाओं से दुर्व्यवहार व हिंसा की घटनाएं लोगों को याद हैं। राष्ट्रवादी नीतियों को लेकर अगुवा रहने वाली भाजपा के लिए बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ रोकना प्राथमिकता होगी, लेकिन इसका ...**

## चुनौतियों का ताज भी मिला है शुभेंदु को

यह भाजपा के लिए आह्लादित होने का वक्त है कि आजादी के बाद पहली बार बंगभूमि में उसकी सरकार बनी है। जिस धूमधाम व उल्लास संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा व एनडीए के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार का शपथग्रहण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ, उससे इसके महत्व का पता चलता है। भाजपा के लिए यह मौका इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसकी पूर्ववर्ती मातृ पार्टी जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि में सरकार बनाने का सपना पौन सदी बाद पूरा हुआ। दशकों तक वामपंथी दलों का गढ़ रहे बंगाल में दक्षिणपंथ का उदय एक विस्मयकारी घटना है। डेढ़ दशक से सत्ता में काबिज तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में भाजपा ने साम–दाम–दंड–भेद के मुहावरे को हकीकत बनाया। कई दशकों के योजनाबद्ध अभियानों के बाद बंगाल में कमल खिला है। आक्रामक प्रचार तंत्र, मजबूत संगठन व संघ के वरदहस्त के चलते आज पश्चिम बंगाल भाजपामय हुआ है। यह पल इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा ने कभी वामगढ़ रहे प्रदेश में अपनी यात्रा शून्य से शुरू की है। एक दशक में सुनियोजित अभियान से भाजपा का सत्ता पर काबिज होना भारतीय राजनीति की ऐतिहासिक घटना कही जा सकती है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि शुभेंदु विपक्ष में रहते दिखाए गए आक्रामक तेवरों को छोड़, प्रतिशोध की राजनीति में न उलझकर, इस



परिवर्तन को सार्थक बनाएंगे। कुछ ऐसा करें कि देश में शुभेंदु विकास मॉडल की चर्चा हो। निस्संदेह, बंगाल में मिली बड़ी कामयाबी का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व व पार्टी संगठन के साथ ही शुभेंदु अधिकारी को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने सत्ता के दमन का सामना करते हुए न केवल संगठन को मजबूत बनाये रखा, बल्कि नंदीग्राम से लेकर भवानीपुर तक बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी को सीधी लड़ाई में परास्त भी किया। वे पिछले पांच वर्ष से सड़क से विधानसभा तक में आक्रामक ढंग से टीएमसी का प्रतिरोध करते रहे। लेकिन अब जब उन्हें राज्य की बागडोर सौंपी गई है तो उम्मीद करें कि वे राज्य की कानून व अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएंगे। उद्योग विरोधी नीतियों को दूर कर, राज्य में भारी निवेश को आमंत्रित करके बेरोजगारी संकट को दूर करने का प्रयास करेंगे। राज्य में कानून व्यवस्था, खासकर महिला सुरक्षा का बड़ा मुद्दा रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद राज्यव्यापी आक्रोश पनपा था। संदेशखाली में महिलाओं से दुर्व्यवहार व हिंसा की घटनाएं लोगों को याद हैं। राष्ट्रवादी नीतियों को लेकर अगुवा रहने वाली भाजपा के लिए बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ रोकना प्राथमिकता होगी, लेकिन इसका खमियाजा भारतीय नागरिकों को न भुगतना पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि शुभेंदु सरकार राज्य में राजनीतिक व चुनावी हिंसा पर लगाम लगाने की ठोस पहल करेगी। साथ ही उन हिंसा करने वाले दबंग तत्वों पर लगाम लगाएगी, जो चोला बदलकर हर नई सरकार की छतरी के नीचे खड़े हो जाते हैं। जो कालांतर राज्य में अराजक राजनीतिक संस्कृति को जन्म देते हैं। कानून व्यवस्था सुधरने से ही पश्चिम बंगाल पटरी पर लौटेगा।

## वेदों का पर्यावरण धर्म

भारतीय वैदिक गणना के अनुसार वेद एक अरब छियानवें करोड़ आठ लाख वर्ष पुराने हैं। उसी समय से पर्यावरण हेतु सारे मानव समाज को जाग्रत करने का काम हमारे वैदिक मंत्रों द्वारा किया गया है। दुर्भाग्य है कि गुलाम मानसिकता से ग्रसित हम लोगों ने इन्हें उपेक्षित किया। वेदों में पर्यावरण का स्पष्ट दर्शन है। इनमें कल्याण की जो बातें की गई हैं वह समाज के लिए कही गयी हैं यानी समाज का कल्याण तभी होने वाला है जब पर्यावरण ठीक रहने वाला यानी प्रकृति हमारे साथ हो। यानी भूलोक शांत होय अंतरिक्ष शांत हो, पृथ्वी शांत हो, जल शांत हो, औषधियां शांत हों, वनस्पतियां शांत हों, समस्त देवता शांत हों, ब्रह्म शांत हों, सब कुछ शांत हो, शांति ही शांति हो। मेरी यह शांति निरंतर बनी रहे। इसी तरह ऋग्वेद में उल्लेख है कि ज्योति ही जिसका मुख है, वह अग्नि हमारे लिए कल्याणकारक हो। वायु, जल सब कल्याणकारी हों। पृथ्वी हमारे लिए सुखकारक हों, अंतरिक्ष हमारी दृष्टि के लिए कल्याणप्रद हो, औषधियां एवं वृक्ष हमारे लिए कल्याणकारक हों तथा लोकपति इंद्र भी हमें शांति प्रदान करें। विस्तृत तेज से युक्त सूर्य हम सबका कल्याण करता हुआ उदित हो। चारों दिशाएं हमारा कल्याण करने वाली हों। अटल पर्वत हम सबके लिए कल्याण कारक हो। नदियां हमारा हित करने वाली हों और उनका जल भी हमारे लिए कल्याणप्रद हो। अदिति हमारे लिए कल्याणप्रद हो, मारुदगण हमारा कल्याण करने वाले हों। विष्णु और पुष्टिदायक देव हमारा कल्याण करें तथा जल एवं वायु भी हमारे लिए शांति प्रदान करने वाले हों। रक्षा करने वाले सविता हमारा कल्याण करें। सुशोभित होती हुई उषा देवी हमें सुख प्रदान करें। वृष्टि करने वाले पर्जन्यदेव हमारी प्रजाओं के लिए कल्याणकारक हों और क्षेत्रपति शम्भू भी हम सबको शांति प्रदान करें। इस प्रकार लाखों–करोड़ों वर्षों से वैदिक मंत्रों द्वारा दैनिक कर्मकांडों को माध्यम बनाकर मानव जगत के कल्याण हेतु ईश्वर ने हमें नित्य के कर्मकांडों से जागरूकता हेतु बाध्य करने का काम किया। हमें इश्वर का प्रकृति का धन्यवाद करना चाहिए। सबके लिए की गयी कल्याण की प्रार्थना में ही यह संदेश छिपा है कि हम प्राकृतिक संसाधनों का तरीके से इस्तेमाल करें। नदियों, वृक्षों आदि को पूजनीय कहा गया। यानी इनके संरक्षण का संदेश दिया गया। वैदिक सिद्धांतों पर चलते हुए मानवमात्र की रक्षा की जा सकती है। प्रकृति को सहेजा जा सकता है।

## दुनिया में सबसे अनमोल है जीवन की शांति

**अशांत दुनिया में आध्यात्मिक साधना से अनियंत्रित इच्छाएं रोकी जा सकती हैं। हम तनाव, चिंता भय से अशांत होते हैं। ज्ञान व योग से शांति मिलती है। शांत स्वरूप का अभ्यास करें। आत्मचिंतन से सकारात्मकता के विचार से हम मन को चौतन्य बनायें। जब हम मन से अशांत होते हैं तो परमात्मा को याद करते हैं। हम प्रत्येक दिन परमात्मा को याद करके अपने मन को शांति की स्थिति में ला सकते हैं। विपरीत स्थिति में ...**

वर्तमान में पूरी दुनिया को शांति के संदेश की जरूरत है। संघर्ष नहीं, समझौता जरूरी है। हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करना है। अपने लोक को संयम में रखना बहुत जरूरी है। आज दुनिया को जिस चीज की सर्वाधिक आवश्यकता है वह है जीवन की शांति। व्यक्ति के जीवन की शांति से ही, परिवार, समाज व देश में शांति संभव है। अक्सर पूछा जाता है कि शांति की परिभाषा क्या है, किसको शांति कहते हैं। किसी ने कहा, युद्ध न होना ही शांति है। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां युद्ध नहीं है तो क्या वहां शांति है... किसी ने कहा कि आवाज का अभाव शांति है... तो क्या आवाज नहीं होना शांति है। दरअसल, जीवन में जैसा आप सोचेंगे वैसे ही अनुभव करेंगे। वैसा ही हमारा जीवन होगा। लेकिन जो मन की शांति है, वो बाहर नहीं मिलेगी। इसीलिए कहा जाता है कि अंदर शांति है तो बाहर शांति।

सही मायने में शांति मन की स्थिति है। शांति आत्मा का स्वभाव है। आत्मा का स्वधर्म शांति। जहां आत्मा अपने स्वधर्म को महसूस करती है, वहां शांति व्याप्त होती है। हर चीज का अपना स्वभाव होता है। प्रकृति का अपना स्वभाव है। जैसे हवा का स्वभाव वेग है। जल का स्वभाव शीतलता है। आत्मा का स्वभाव स्वभावतः शांति है। इसी कारण हर कोई शांति चाहता है। हम अपने कर्म और स्वभाव के अनुसार शांति की इच्छा रखते हैं, क्योंकि यह हर किसी का मूल स्वभाव है। शांति का अनुभव किया जा सकता है और इसे ध्यान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। पहले हम अपनी आत्मा को पहचानें कि मैं कौन हूं। मैं वही हूं जिसका स्वभाव शांति है। निस्संदेह, ये संसार



एक मुसाफिरखाना है। हमारे जीवन का लक्ष्य हो कि न दुख दो न दुख लो। ये आत्मा का ट्रीटमेंट है। शांति से संतुलित करुणामय समाज का निर्माण होगा। हमें नफरत की आग को बुझाना है। शांति का सपना सजाना है हमें। लेकिन आत्मा की शान है शांति की अनुभूति। आज वैश्विक आवश्यकता है शांति। युद्ध के बादल पूरी दुनिया में छाये हुए हैं। निस्संदेह, हमारे जीवन से दूसरों के जीवन में शांति आएगी। लेकिन आज हम अपने स्वधर्म को भूल गए हैं। उच्च आत्मा का स्वधर्म शांति है। जब हम स्वधर्म में स्थापित हो जाएंगे तो शांति आ जाएगी। जीवन में सुख–शांति अनुभव करेंगे। हमें अपने को शांति स्वरूप बनाना है। वर्तमान समय में दुनिया में कई जगह युद्ध चल रहे हैं। लेकिन समाज व परिवार में भी किसी प्रकार का कोई संघर्ष है वो समाप्त हो। मनुष्य के जीवन व परिवार में शांति हो। जीवन में प्रगति तभी संभव है जब वहां शांति हो। जब आपका मन शांत होता है, तो आपकी निर्णय क्षमता स्पष्ट हो जाती है। शांत मन में बुद्धि में रचनात्मकता और श्रेष्ठ संकल्प उत्पन्न होते हैं। शांत स्वभाव दूसरों पर भी प्रभाव डालता है। विश्व शांति के साथ–साथ हमारे मन में भी शांति होना आवश्यक है। हम सभी की सोच श्रेष्ठ हो। सकारात्मक सोच हो। हमारे हर कार्य में शांति का संदेश हो। ऐसा जीवन का लक्ष्य हो कि शांति व्यापक हो जाए। शांति के लिए अपने अंदर झांकिए मैं कौन हूं। मैं क्यों इस दुनिया में आया हूं। मुझे क्या करना है। मुझे कहां जाना है। आपको भीतर से जवाब मिलेगा कि मैं एक आत्मा हूं। एक सूक्ष्म ज्योति हूं। हम जीवन में जो कार्य करते हैं वो हमारा अभिनय मात्र है। यह दुनिया हमारा कर्म क्षेत्र है। हमारा निवास पांच तत्वों से निर्मित शांति का धाम है। मन और बुद्धि से हम उसी धाम में पहुंच जाएं। तब असीम शांति मिलेगी, क्योंकि हमारी आत्मा शांति स्वरूप है। संसार में हर आत्म शांति का अनुभव करें। तब यह संसार सुख शांति से संपन्न हो जाएगा। हम सबको सुख देने का प्रयास करें। कर्मक्षेत्र में सोच श्रेष्ठ है तो जीवन श्रेष्ठ होगा। जीवन में आनंद से रहें। श्रीकृष्ण की मुरली ने दुनिया में शांति का संदेश फैलाया। बंधुत्वता में शांति का संदेश निहित है। शांति वो नहीं जो शांति की स्मृति है। तूफान मेंभी शांति बनाये रखें। ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी हम शांति स्थापित कर सकें। अपने जीवन में शांति को अनुभव करते हुए दूसरों को शांति दें। हम व्यक्तिगत जीवन से शुरुआत करें। स्वार्थ, क्रोध, अविश्वास आदि अशांति का कारण बनता है। साधन सुविधा जुटाकर शांति जुटाने का प्रयास निरर्थक है। जैसे धन से किताब खरीद सकते हैं ज्ञान नहीं। धन से बिस्तर मगर नींद नहीं खरीदी जा सकती है। हम साधन तो खरीद सकते हैं। शांति नहीं खरीद सकते। लेकिन आज सब कुछ तो है तो शांति नहीं है। धर्म की शरण में हम शांति के लिए जाते हैं। आज धर्म का स्वरूप कट्टरता हो गया है। हम सबके भीतर आत्मा एक है। उसका धर्म शांति है। आत्मा आनन्द स्वरूप, सुख स्वरूप, प्रेम स्वरूप है। सभी धर्म शांति का संदेश देते हैं। वसुधैव कुटुंबकमद्ध का संदेश दुनिया को एक सूत्र में बांधता है। अशांत दुनिया में आध्यात्मिक साधना से अनियंत्रित इच्छाएं रोकी जा सकती हैं। हम तनाव, चिंता भय से अशांत होते हैं। ज्ञान व योग से शांति मिलती है। शांत स्वरूप का अभ्यास करें। आत्मचिंतन से सकारात्मकता के विचार से हम मन को चौतन्य बनायें।

## पंजाब की राजनीति में वार–पलटवार का दौर

**और फिर, जैसा कि दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत संधू को – जो 1920 के दशक के गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के एक नेता और कुलीन सुधारक एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबधंक कमेटी के संस्थापक सदस्य तेजा सिंह समुंद्री के पोते हैं – 2024 के आम चुनाव में अमृतसर लोकसभा सीट से बतौर भाजपा उम्मीदवार अनुभव है कि कैसे प्रभावशाली सिख किसान समूहों ने उन्हें अपने गांवों में घुसने ...**

'आप' शासित पंजाब में चुनावी तैयारी के मद्देनजर भाजपा अपने हथियारों को धार देने में लगी है। वैसे भी पद्द. बंगाल जीत के बाद उसके हौसले बुलंद हैं। वहीं 'आप' की चुनौती पंजाब का गढ़ व राष्ट्रीय राजनीति में हैसियत बचाना है। यह भी कि कभी सहयोगी रहे शिरोमणि अकाली दल और भाजपा को एक–दूजे की जरूरत है।

पंजाब की भाजपा इकाई ने गत शुक्रवार शाम चंडीगढ़ के एक पांच–सितारा होटल में पश्चिम बंगाल चुनावों में मिली जीत का जश्न मनाया। ऐसे समय, जब बमुश्किल एक दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने चंडीगढ़ के ठीक बाहर मोहाली में पंजाब के तीन रियल एस्टेट डेवलपर्स पर छापा मारा। बेशक ये दोनों घटनाएं अलग–अलग हैं, लेकिन हर कोई जानता है कि आपस में जुड़ी हैं। भाजपा मेंआया यह नया आत्मविश्वास किसी वक्त अक्सर दोहराई जाने वाली कहावत से उपजा रू 'जो बंगाल आज करता है, बाकी देश कल करता है'।

और अब, माहौल में सवाल गूंज रहा है, 'क्या अगली बारी पंजाब की है?' यह सवाल सिर्फ पंजाब ही नहीं, बल्कि पूरा देश पूछ रहा है। निश्चित रूप से, अब पंजाब में खुलकर मुकाबला शुरू हो चुका है। आइये, शुरुआत भारत के नक्शे से करते हैं, जिसमें पिछले 12 सालों में, जब से प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में आए हैं, ज्यादातर सूबे भगवा रंग में रंग चुके हैं। उत्तर में हिमाचल प्रदेश और



पंजाबय दक्षिण में केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटकय और पूर्वी भारत में झारखंड को छोड़ आज शेष पूरा देश भाजपा के अधीन है। दोहराना जरूरी नहीं कि कैसे क्रमवार सूबे भाजपा के पास आते गए। हम यह भी जानते हैं कि चुनाव जीतने को भाजपा बारीकियों पर बहुत ध्यान देती है। बंगाल में, जाति, लिंग और 'धर्म–परिवर्तन' वाले 'पोरिबोर्तन' मिश्रण में शविशेष गहन पुनरीक्षणश भी जोड़ दिया गया। हमारे अखबार के पृष्ठों के अलावा, वरिष्ठ पत्रकार जयंत घोषाल लिखते हैं कि कैसे भाजपा ने अन्य सूबों में इस्तेमाल किए जाने वाले अपने रणनीतिक घोष 'जय श्रीराम' को बंगाल में थोड़ा मंद करने का फैसला कियाय और इसकी बजाय, लोगों के अंदर ममता बनर्जी शासन के प्रति मोहभंग को भुनाने पर ध्यान केंद्रित किया। 'कोई कसर न छोड़ने' वाली इस रणनीति में बांग्लादेश को भी अलग नहीं रखा गया– पांच साल पहले भाजपा में शामिल हुए तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद दिनेश त्रिवेदी को ढाका में शउच्चायुक्तश बनाकर भेजा गया है, बंगाल के प्रति अच्छी नीयत दर्शाने के लिए। (यह खध्बर सबसे पहले मेरे सहयोगी उज्ज्वल जलाली ने निकाली थी)।

पंजाब पर ध्यान केंद्रित करने की तैयारियां काफी समय से चल रही थीं। फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी रविदासिया सिख संप्रदाय के आराध्य संत रविदास की जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा सचखंड बल्लां गए थे, इससे पहले जनवरी में इस संप्रदाय के प्रमुख को शपद्म श्रीश से नवाजा गया था– राज्य की कुल सिख जनसंख्या में लगभग 22 प्रतिशत दलित समुदाय से हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी में पंजाब के दौरे करने के पीछे मंतव्य जगजाहिर है।

ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी के जो सात राज्यसभा सांसद हाल ही में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, जल्द ही चंडीगढ़ में डेरा जमा लेंगे– उनके स्टाफ के लोग पहले से ही यहां मौजूद हैं। गत सप्ताह के शुरू में राष्ट्रपति भवन में वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम के सम्मान में आयोजित भोज का मेन्यू भी पंजाब के मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी ने ही तैयार किया था (आप शद ट्रिब्यूनश में उनका इंटरव्यू और खाने से जुड़ी खबरें एवं बनाने की विधि पढ़ सकते हैं)– इस मेन्यू में शबठिंडा वाले आलूश, शदाल अमृतसरीश और हरियाणा को भी स्थान देते हुए शहिसार की बाजरा खिचड़ीश शामिल थी। जैसे–जैसे ये अटकलें जोर पकड़ रही हैं कि पंजाब में चुनाव साल के अंत में होंगे– जनगणना कार्य जनवरी 2027 के मध्य तक शुरू होने की संभावना है, अर्थात यह काम चुनावों के साथ–साथ नहीं चल सकता– राज्य की भाजपा इकाई निश्चित रूप से अपने प्रतीकात्मक खंजर को धार देने में जुट गई है। यह बात किसी की भी नजर से छिपी नहीं कि ईडी ने आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रदेशाध्यक्ष अमन अरोड़ा का नाम उन रियल एस्टेट कारोबारियों में से एक के साथ जोड़ा है, जिनके ठिकानों पर गुरुवार सुबह छापा मारा गया था।

जी हां, अब आर–पार की लड़ाई शुरू हो चुकी है। जहां भाजपा सत्ताधारी आम आदमी पार्टी को निशाना बना रही है तो वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान, अकाली दल पर – और साथ में भाजपा को लपेटते हुए – पलटवार कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने 2015 में हुई बेअदबी की घटनाओं का मुद्दा फिर जोर–शोर से उठाया है। ये घटनाएं उस समय हुई थीं, जब अकाली दल–भाजपा गठबंधन सत्तासीन था। यकीकन आम आदमी पार्टी पंजाब में अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरी ताकत से लड़ेगी, क्योंकि उसे भली–भांति अहसास है कि भारतीय राजनीति में शतीसरे ध्रुवश के तौर पर गंभीरता से लिए जाने में उसके पास यही एकमात्र मौका बचा है। हाल ही में पारित शजागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026श का उद्देश्य भी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के (और इस प्रकार अकाली दल का भी) जबरदस्त प्रभाव को क्षीण करना है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी आए दिन 'आप' विरोधी बयान जारी करती रहती है। बंगाल जीतने से भाजपा का जोश निश्चित रूप से बढ़ गया है।



# गोंडा में विनेश फोगाट बनाम डब्ल्यूएफआई :फेडरेशन ने कहा– कारण बताओ नोटिस का जवाब अधूरा, इजाजत नहीं



विनेश फोगाट सोमवार को यहां पहुंच गई और उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के कारण बताओ नोटिस का जवाब देकर दावा किया कि वह संन्यास के बाद वापसी की पात्रता रखती है हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने दोहराया कि वह यहां राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती। महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने इससे पहले कहा था कि विनेश 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले सकती क्योंकि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के वापसी के बाद उन्होंने छह महीने का अनिवार्य नोटिस पूरा नहीं किया है। यहां पहुंचने के बाद विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5 . 6 . 1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं। विनेश ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को पहले ही अपनी वापसी की जानकारी दे दी थी लिहाजा प्रक्रियागत जरूरतें वह पूरी कर चुकी हैं। डब्ल्यूएफआई सूत्रों ने हालांकि कहा कि महासंघ उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि विनेश ने सिर्फ पात्रता के पहलू पर जवाब दिया है जबकि उनके खिलाफ लगाये गए अनुशासनहीनता के आरोपों का जवाब नहीं दे सकी हैं।

महासंघ के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा ,'' उनका जवाब पूरा नहीं है। उन्होंने पूरे कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया है। जब तक अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती , वह भाग नहीं ले सकती।'' विवाद की शुरूआत तब हुई जब डब्ल्यूएफआई ने विनेश को तल्ख कारण बताओ नोटिस जारी करके उन पर अनुशासनहीनता, महासंघ के नियम तोड़ने और डोपिंग रोधी प्रक्रिया के उल्लंघन का आरोप लगाया। इससे पहले विनेश ने दावा किया था कि महासंघ उसकी वापसी रोकने का प्रयास कर रहा है। महासंघ ने यह भी कहा कि गलत धारणा फैलाई जा रही है कि विनेश को भागीदारी से रोकने के लिये राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में चयन के मानदंड बदले गए हैं। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 में महिलाओं के 50 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के मुकाबले से अयोग्य करार दिये जाने के बाद कुश्ती से संन्यास ले लिया था।

विनेश के पति ने कहा कि उसने आधिकारिक रूप से संन्यास की कभी घोषणा नहीं की और सिर्फ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वहीं डब्ल्यूएफआई का कहना है कि दिसंबर 2024 में यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पत्र में कहा गया है कि उसने इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) को इसके बारे में बताया था। महिला पहलवानों का वजन सोमवार को शाम पांच से सात बजे के बीच किया जायेगा और प्रतियोगिता मंगलवार को है।

# अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म नहीं हुआ, नेतन्याहू की चेतावनी- Nuclear Material निकालना बाकी है



जैसे–जैसे अमेरिका और ईरान युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो 11वें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध अभी खत्म होने से बहुत दूर है क्योंकि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। नेतन्याहू ने कहा कि हालांकि युद्ध में काफी कुछ हासिल हो चुका है, लेकिन यह अभी खत्म नहीं हुआ है। 10 मई, रविवार को सीबीएस को दिए एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान से अभी भी परमाणु सामग्री संवर्धित यूरेनियम – को निकालना बाकी है।

इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी भी संवर्धन केंद्र हैं जिन्हें नष्ट करना होगा। अभी भी ईरान द्वारा समर्थित प्रॉक्सी संगठन हैं। अभी भी बैलिस्टिक मिसाइलें हैं जिनका वे उत्पादन करना चाहते हैं। हमने इनमें से काफी हद तक इसे नष्ट कर दिया है। लेकिन यह सब अभी भी मौजूद है, और अभी भी काम करना बाकी है। जब उनसे पूछा गया कि इस संवर्धित यूरेनियम को ईरान से कैसे निकाला जाएगा, तो उन्होंने जवाब दिया, आप अंदर जाइए, और इसे बाहर निकालिए। हालांकि, नेतन्याहू ने उस ऑपरेशन से संबंधित सैन्य योजनाओं और समय–सीमा के बारे में बताने से परहेज किया, लेकिन इसे बेहद महत्वपूर्ण मिशन बताया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उनसे कहा कि मैं वहां जाना चाहता हूं, जिसे वे शारीरिक रूप से संभव मानते हैं और अगर कोई समझौता होता है तो यह सबसे अच्छा तरीका है। हालांकि, नेतन्याहू ने यह बताने से इनकार कर दिया कि अगर ऐसा कोई समझौता होता है तो क्या होगा।

नेतन्याहू की ये टिप्पणियां अमेरिका और ईरान के बीच रुकी हुई शांति वार्ता के बीच आईं, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर तेहरान की प्रतिक्रिया को ष्पूरी तरह अस्वीकार्यष बताया था। ईरान ने रविवार सुबह पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका के नवीनतम प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया भेजी, जो दोनों देशों के बीच मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

# क्रुणाल पंड्या का बड़ा बयान, आरसीबी की बल्लेबाजी में सुधार का पूरा श्रेय दिनेश कार्तिक को जाता है



ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी जुझारू पारी के बाद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक को दिया। क्रुणाल ने पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद 46 गेंद में 73 रन बनाए जिससे आरसीबी अंतिम गेंद पर जीत हासिल करने में सफल रही। इससे उसकी टीम अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। क्रुणाल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''अगर आप पिछले साल और यहां तक ध्घकि इस साल को भी देखें, तो बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय दिनेश कार्तिक को जाता है।'' इस ऑलराउंडर ने कहा, '''उन्होंने (कार्तिक) प्रत्येक खिलाड़ी के साथ व्यक्तिगत रूप से काफी समय बिताया है। उनके मजबूत और कमजोर पक्षों को समझा और उन पर काम किया। वह हमेशा बल्लेबाजों की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारी टीम ने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, उसका बहुत बड़ा श्रेय डीके (कार्तिक) को जाता है।'' क्रुणाल ने कहा कि दबाव वाली परिस्थितियों में आरसीबी का स्पष्ट रवैया उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ। उन्होंने कहा, ''हमने इस पर चर्चा की थी कि अगर कोई ऐसा गेंदबाज है जिसे आप पसंद करते हैं और आपको लगता है कि आप उसका सामना कर सकते हैं, तो बस उसकी छह गेंदों को अच्छी तरह से खेलें।'' क्रुणाल ने कहा, ''मैं क्रीज पर पांव जमा चुका था और मुझे लगा कि ऐंठन के कारण मेरे लिए एक–दो रन लेना बहुत मुश्किल हो रहा था। इसलिए मैंने सोचा, मैं बस खड़े रहकर सभी छह गेंदों का अच्छी तरह से सामना करता हूं और जितना संभव हो उसका फायदा उठाता हूं।'' अपने आईपीएल करियर में अलग–अलग नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके क्रुणाल ने कहा कि उन्हें मुश्किल परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, ''मुझे अच्छा लगता है कि टीम मुझ पर भरोसा करती है और मुझे अलग–अलग भूमिका सौंपती है। मैंने कभी भी व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं दिया। मैं हमेशा टीम की स्थिति को समझने और उसे यथासंभव सरल तरीके से हल करने की कोशिश करता हूं।

# काठमांडू हवाई अड्डे प पर लैंडिंग के वक्त तुर्की एयरलाइंस के विमान में लगी भीषण आग, 277 यात्री बाल–बाल बचे



काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के टायर में आग लग गई, जिससे नेपाल के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन कुछ समय के लिए बाधित हो गया। अधिकारियों ने बताया कि दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सूचना अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार, लैंडिंग के दौरान आग लगने के बाद यात्रियों को विमान से बाहर निकालने के लिए आपातकालीन दरवाजे खोले गए। तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट ज्ञ्726 इस्तांबुल से काठमांडू पहुंची थी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 6.45 बजे हुई जब विमान के रनवे पर उतरते समय उसके पहियों में आग लग गई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित चार बच्चों समेत 277 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। अधिकारियों ने यह भी पुष्टि की कि विमान में कुछ माल और मानव अवशेष भी थे। इससे पहले, हवाई अड्डे के सुरक्षा अधिकारी एसपी राजकुमार सिलावल ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा, "तुर्की एयरलाइंस का ज्ञ 726 विमान इस्तांबुल से काठमांडू जा रहा था और लैंडिंग के दौरान टायर में आग लग गई। दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। घटना के बाद विमान रनवे पर ही फंसा रह गया, जिससे हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। रनवे के अस्थायी रूप से बंद रहने के कारण काठमांडू हवाई क्षेत्र में कई आने वाली उड़ानों को रोक दिया गया। इनमें दिल्ली से आ रही एयर इंडिया की उड़ान AI 215 और शारजाह से आ रही एयर अरबिया की उड़ान ळ9 536 शामिल थीं। पारो से ड्रुकएयर, दुबई से फ्लाईदुबई और कुआलालंपुर और ग्वांगझू से आ रही नेपाल एयरलाइंस की उड़ानें भी कथित तौर पर बीच हवा में ही रोक दी गईं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लैंडिंग के दौरान विमान के पास धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं, जबकि आपातकालीन दल रनवे की ओर दौड़ रहे थे।

# तमिलनाडु में एआईएडीएमके का सियासी संकट, हार के बाद ईपीएस के इस्तीफे पर अड़ा शनमुगम गुट

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में एआईएडीएमके की करारी हार के बाद पार्टी के भीतर असंतोष के नए संकेत उभर रहे हैं।




सूत्रों के अनुसार, विधायकों और पूर्व मंत्रियों का एक वर्ग पार्टी प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी से पद छोड़ने की मांग कर रहा है। हालांकि, सूत्रों ने यह भी बताया कि पार्टी के कुछ वर्गों के बढ़ते दबाव के बावजूद ईपीएस इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। एआईएडीएमके के शीर्ष सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ पार्टी नेता सीवी शनमुगम से जुड़े विधायकों और कई पूर्व मंत्रियों ने ईपीएस को यह संदेश दिया है कि लगातार चार चुनावी हार के बाद वे अब उनका नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों में एआईएडीएमके को 234 सीटों में से केवल 47 सीटें ही जीतने का मौका मिला। 2021 के चुनाव में, डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने एक दशक बाद एआईएडीएमके को सत्ता से बेदखल कर दिया और उसे केवल 75 सीटें ही मिलीं। 2019 के लोकसभा चुनावों में उसे 39 सीटों में से केवल एक सीट मिली और 2024 के संसदीय चुनावों में उसे एक भी सीट नहीं मिली।

सूत्रों के अनुसार, लगातार चुनावी हार ने एआईएडीएमके कार्यकर्ताओं के मनोबल को बुरी तरह प्रभावित किया है और नेतृत्व की राजनीतिक रणनीति को लेकर आंतरिक आक्रोश को और बढ़ा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि ईपीएस खेमे और शनमुगम से जुड़े नेताओं के बीच बढ़ती दरार ने एआईएडीएमके के भीतर संभावित विभाजन की आशंकाओं को बल दिया है। इससे पहले, ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि शनमुगम के नेतृत्व वाला गुट अभिनेता–राजनेता विजय की तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकता है, जिसे उस समय सरकार बनाने के लिए आवश्यक संख्या मिल रही थी। टीवीके ने विधानसभा चुनावों में शानदार शुरुआत करते हुए 108 सीटें जीतीं, लेकिन बहुमत से 10 सीटें कम रह गईं। सीपीआई, सीपीआई (एम), विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के साथ कई दिनों तक चली गहन बातचीत के बाद, टीवीके बहुमत का आंकड़ा पार करने में सफल रही। इसके बाद, विजय ने रविवार को सितारों से सजे एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। टीवीके के बहुमत का आंकड़ा पार करने की कोशिशों के बीच, पिछले हफ्ते शनमुगम समेत 30 से अधिक विधायक पुडुचेरी के एक रिसॉर्ट में डेरा डाले हुए थे। विजय के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ गठबंधन की अटकलें तेज हो रही थीं। बाद में ईपीएस भी अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए रिसॉर्ट गए। ऐसी भी खबरें थीं कि डीएमके ने एआईएडीएमके के साथ गुप्त बातचीत शुरू कर दी थी, जिससे कथित तौर पर शनमुगम नाराज हो गए और उन्होंने टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया।

# WTC पर नजर! आईपीएल के बाद स्टार्क–कमिंस को मिला आराम, Mitchell Marsh बने Australia के कप्तान



ऑस्ट्रेलिया ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के कार्यभार प्रबंधन के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को अपनी टीम में नहीं चुना। इस फैसले से कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड को विश्राम देने का उद्देश्य इन तीनों को विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के लिए तैयार रखना है जिसकी शुरुआत वह बांग्लादेश के खिलाफ दो मैच की घरेलू टेस्ट श्रृंखला से करेगा।

ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर लियाम स्कॉट और ऑस्ट्रेलिया की अंडर–19 विश्व कप टीम के कप्तान ओली पीक को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। युवा बल्लेबाज जोएल डेविस को जून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। उन्हें भी पहली बार मौका मिला है। ट्रैविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस और जेवियर बार्टलेट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद बांग्लादेश रवाना होंगे, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को टीम से बाहर कर दिया गया है।

अगले साल अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मिचेल मार्श दोनों टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया रावलपिंडी (30 मई) और लाहौर (दो और चार जून) में पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा। इसके बाद वह बांग्लादेश का दौरा करेगा तथा ढाका (नौ, 11 और 14 जून) में तीन वनडे मैच और चटोग्राम (17, 19 और 21 जून) में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमरू मिचेल मार्श (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, रिले मेरेडिथ, ओली पीक, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, मैथ्यू शॉर्ट, बिली स्टेनलेक, एडम जम्पा।

बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमरू मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, एडम जम्पा। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमरू मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मैथ्यू कुहनेमैन, रिले मेरेडिथ, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, एडम जम्पा।

# पीएम मोदी का मेगा दौरा: यूरोप से टेक्नोलॉजी, यूएई से एनर्जी, भारत के लिए डबल मिशन!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी हफ्ते स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड और इटली के दौरे पर जा सकते हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना भारत की विदेश नीति की अहम जरूरत बन गया है। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यूरोप यात्रा रद्द कर दी गई थी। अब नए कार्यक्रम में यूएई को भी शामिल किया गया है, जो भारतीय डायस्पोरा और ऊर्जा सुरक्षा दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नीदरलैंड में मोदी अपने समकक्ष रॉब रॉब जेटन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार, ग्रीन इकॉनमी और हाई–टेक सेक्टर में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, ग्रीन एनर्जी, स्वास्थ्य और जल प्रबंधन के अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी नई साझेदारी पर फोकस रहेगा। नीदरलैंड भारत का 11वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। माना जा रहा है कि इस यात्रा के दौरान निवेश, सप्लाई चेन, नई तकनीकों में सहयोग बढ़ाने को लेकर भी अहम समझौते हो सकते हैं। साथ ही, यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक और व्यापारिक सहयोग को नई गति मिलने की भी उम्मीद है।

### तकनीक और निवेश पर रहेगा जोर

प्रधानमंत्री की स्वीडन और नॉर्वे यात्रा का मुख्य उद्देश्य इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और निवेश सहयोग को मजबूत करना है।



पीएम मोदी नॉर्वे में तीसरी भारत–नॉर्डिक समिट में हिस्सा लेंगे। नॉर्डिक देशों को रिन्यूएबल एनर्जी और एडवास टेक्नोलॉजी में अग्रणी माना जाता है। इटली दौरे के दौरान डैडम और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। भारत और यूरोपीय संघ के बीच हाल में हुए फ्री ट्रेड करार के बाद पीएम का यह पहला यूरोप दौरा होगा।

इससे पहले, अप्रैल के आखिरी सप्ताह में, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की और अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति से मुलाकात की। यह सऊदी अरब की उनकी यात्रा के एक सप्ताह बाद हुआ था। डोभाल की यह यात्रा एक महत्वपूर्ण पहल थी, क्योंकि वे सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी सहयोग पर, संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। इस यात्रा ने मोदी की यात्रा की नींव भी रखी। ऊर्जा से समृद्ध संयुक्त अरब अमीरात (**UAE**) के साथ व्यापार पिछले दो महीनों में ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के कारण बाधित हुआ है – केवल 11 भारतीय जहाज ही जलडमरूमध्य से गुजर पाए हैं। मोदी ने पिछले दो महीनों में यूएई, सऊदी अरब और अन्य खाड़ी राजतंत्रों के नेताओं से बात की है, और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इन देशों के अपने समकक्षों के संपर्क में रहे हैं। अप्रैल में जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की। भारत–यूएई रणनीतिक साझेदारी की मजबूती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जटिल क्षेत्रीय माहौल के बावजूद दोनों देशों के बीच चल रहा संवाद मजबूत और पारदर्शी बना हुआ है। यूएई लगभग 47 लाख भारतीयों का घर है, और **UAE** में रहने वाले बड़े भारतीय समुदाय द्वारा भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि दुनिया में सबसे अधिक है। भारतीय प्रवासी समुदाय ¬।॰ का सबसे बड़ा जातीय समुदाय है, जो देश की आबादी का लगभग 35 प्रतिशत है।

# कार्यकर्ताओं से मिले भाजपा मंडल अध्यक्ष

बाराबंकी। मंडल अध्यक्ष देवा अरविन्द वर्मा (बब्लू) ने देवा मण्डल के शक्ति केंद्र पिण्ड स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना। उन्होंने सभी को सम्मानित करते हुए कहा कार्यकर्ताओं के सुख दुख में खड़े रहना ही भाजपा का मूल मंत्र है। मण्डल अध्यक्ष ने सरकार की 9 साल की उपलब्धियां बताई और कहा भाजपा में बूथ अध्यक्ष सबसे मजबूत कड़ी है। इस अवसर पर महामंत्री बाबू लाल रावत, बबलू यादव, अरविंद वर्मा, गुड्डू चौहान, राम लखन मिश्रा, अनिल गौतम, कैलाश गौतम, सुरेश चौहान सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विशाल भंडारा आयोजित

बाराबंकी। बरेठी स्थित नारायण सेवा संस्थान परिसर में भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हनुमान चालीसा पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। संपूर्ण कार्यक्रम भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, रवींद्र प्रताप सिंह, सुधीर गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विपिन सिंह, गुड़िया, कुमार संभव, अनिल बंसल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## 12 मई को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए शिविर'

जौनपुर। लायन्स क्लब और आर. जे. शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद आपरेशन (लेन्स प्रत्यारोपण) शिविर मंगलवार 12 मई को समय प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक लक्ष्मी हेल्थ केयर सेंटर निकट कुत्तुपुर तिराहा पर आयोजित किया गया है। जिसमें आंखों की जांच की जायेगी और मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर उनकी आंखों का आपरेशन किया जायेगा।संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन किसी भी मौसम में बिना किसी डर के चिकित्सक की सलाह पर करा सकते हैं। गर्मी में आंखों का आपरेशन कराना पूरी तरह सुरक्षित है। संयोजक डॉ संदीप मौर्य ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण का कार्य आर. जे. शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी में होगा। मरीज तैयारी के साथ आयें, उसी दिन हास्पिटल के साधन से मरीजो को वाराणसी ले जाया जायेगा, आपरेशन के बाद तीसरे दिन मरीज को कैंप स्थल पर छोड़ दिया जायेगा। इसलिए जरुरतमंद इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। आंख आपरेशन लेन्स प्रत्यारोपण एवं दवा किसी भी चीज का कोई भी पैसा नही लगेगा।यह शिविर हर माह के दूसरे मंगलवार को इसी स्थान लगता है।

## सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू की जाय

जौनपुर ।जलालपुर चौराहा स्थित बयालसी कॉलेज मैदान में रविवार को भारतीय मानव समाज पार्टी द्वारा अति पिछड़ा अधिकार महा रैली का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान के तहत आयोजित किया गया था। इसमें जौनपुर सहित पूर्वांचल के विभिन्न हिस्सों से अति पिछड़े समाज के लोग अपने अधिकारों के लिए एकजुट हुए।कार्यक्रम में प्रमुख मांग उठी कि उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू की जाए। सम्मेलन में केंद्र में जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को भी लागू करने की मांग की गई। नेताओं ने अति पिछड़ा, अत्यंत पिछड़ा, अति दलित, महादलित, पसमांदा मुसलमान और महिलाओं के रोजगार सुरक्षा, राजनीतिक भागीदारी और आर्थिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकारें न्याय की बात करती हैं, इसलिए आज के आरक्षण में वर्गीकरण पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस कार्य को अवश्य करेगी। उन्होंने जोर दिया कि बड़े से बड़े मुद्दे इस सरकार में संभव हो सके हैं, तो यह कार्य भी निश्चित तौर से इसी सरकार में होगा।उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों की मांग करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और इसके लिए जितनी भी लड़ाई लड़नी होगी, वे लोगों के साथ हैं। कार्यक्रम का संचालन अशोक बिंद ने किया।

## असफलता ही सफलता की प्रथम सीढ़ी

जौनपुर। तेजी बाजार क्षेत्र के गैरी कला स्थित जीएस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण के पश्चात अभिवावकों छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा छात्रों ने मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा के दम पर शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य गतिविधि ायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने माता–पिता का नाम रोशन किया है,वे बधाई के पात्र हैं।जो पुरस्कार से वंचित हैं वे पूरे मनोयोग से तैयारी करें क्योंकि असफलता ही सफलता की प्रथम सीढ़ी होती है। पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त गौरी शंकर सिंह ने कहा मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञान प्राप्ति के लिए करें, समय की बर्बादी के लिए नहीं। अभिभावक बच्चों पर केवल अंक लाने का दबाव न डालें, बल्कि उनकी रुचि व प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। हर बच्चा विशेष होता है और उसमें कुछ न कुछ अद्‍भुत क्षमता अवश्य होती है। श्याम राज सिंह,जितेंद्र सिंह,भानु प्रताप सिंह,दयानंद यादव,रमाशंकर सिंह,अम्बरीष सिंह,डा.अजय शंकर पांडे, रामकृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

# वृक्षों की कटान के मामले का प्रभागीय वनाधिकारी ने लिया संज्ञान उपवनाधिकारी से जांच करवाने का आश्वासन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में अवैध कटान को लेकर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी हुए सख्त,सूचना के बाद कार्यवाही हेतु उपवनाधिकारी से जांच कराने का दिया आश्वासन।बता दें पंडरी .पाल वन रेंज क्षेत्र में इन दिनों लगभग 35 प्रतिबंधित अलग अलग प्रजाति के वृक्षों की कटान होने की शिकायतों के बाद भी कार्यवाही न होने पर तथा अधीनस्थ कर्मचारियों का यह कहना चर्चा का विषय बन गया था कि अवैध कटान पर कौन निलंबित करेगा।जिस खबर को बुध का संदेश समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। चर्चा की बात करें तो पंडरी .पाल में अवैध कटान के सिरमौर उपवनाधिकारी व वन दरोगा है जो अपने आप में अधिकारियों के चहेते बताते हैं और प्रतिबंधित वृक्षों के कटान पर उच्च अधिकारियों तक भ्रमित करने का कार्य करते है।वहीं पंडरी .पाल वन रेन्ज की बात करें तो अवैध सागौन वृक्षों के कटान ग्राम इमिलिया रेतवागाड़ा में होने की शिकायतों को पंडरी . पाल रेन्ज के उप वन क्षेत्राधिकारी से माह अप्रैल में




ही कुछ लोगों द्वारा की जा चुकी है परंतु स्थान का निरीक्षण तो दूर की बात है मामले को काफी दिनों से टालमटोल करते चले आ रहे हैं वहीं सूत्र की मानें तो उप वन क्षेत्राधिकारी के कई कारनामे है जिनकी शिकायत एक व्यक्ति द्वारा आईवीआरएस के माध्यम से भी की गई थी।वहीं इनके जलवों की बात करें तो यह वन प्रभाग गोन्डा के अधिकारियों के प्रिय भी है तथा अवैध प्रतिबंधित वृक्षों के कटान की सटीक जानकारी करके मामले को टालमटोल में लटका कर जड़ तक खोदवा देने में माहिर बताते जा रहे हैं।फिर हाल इस बार ऐसा कुछ नहीं है इसकी शिकायत अब उपवनाधिकारी सुदर्शन के व्हाट्सएप पर भेज दी गई है तथा मुलाकात नहीं हो पाई।वन प्रभाग गोन्डा के प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी के व्हाट्सएप पर सभी अवैध कटान की जानकारी भेजने के बाद दूरभाष पर वार्ता हुई तो कहा की इसकी जांच उप वनाधिकारी सुदर्शन से करवाकर जांचोपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।अब देखना है कि क्या आश्वासन ही रहेगा या धरातल पर कुछ कार्यवाही भी होगी तथा जिम्मेदार वन कर्मियों पर भी गाज गिरेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों के समर्पण को किया गया नमन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। हर वर्ष 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जनक की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर नर्सों की सेवा भावना, समर्पण और मानवता के प्रति उनके योगदान को याद किया जाता है। नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की वह मजबूत कड़ी हैं, जो मरीजों की देखभाल से लेकर उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने तक अहम भूमिका निभाती हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाली नर्सें दिन–रात मरीजों की सेवा में जुटी रहती हैं। कठिन परिस्थितियों में भी उनका धैर्य और समर्पण लोगों को नया जीवन देने का कार्य करता है। कोरोना काल में नर्सों की भूमिका सबसे अधिक चर्चा में रही। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने मरीजों की सेवा कर मानवता की मिसाल पेश की। यही कारण है कि समाज में नर्सों को सम्मान और भरोसे की नजर से देखा जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में नर्सों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नर्सें लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में अहम योगदान दे रही हैं।



इस अवसर पर एसकेएस कॉलेज सबलापुर की जीएनएम छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। ईशा तिवारी ने कहा कि नर्सें हर परिस्थिति में मरीजों का हौसला बढ़ाती हैं। उनका सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायी है। दिव्या शर्मा ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि लोगों के दर्द को कम करने का सबसे बड़ा माध्यम है। शीतू शुक्ला ने कहा कि नर्सें दिन–रात मेहनत कर मरीजों की देखभाल करती हैं, इसलिए समाज को उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए। विनीता ने कहा कि नर्सें अपने समर्पण और मेहनत से मरीजों को नया जीवन देने का कार्य करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस लोगों को नर्सों के संघर्ष, त्याग और सेवा भावना का सम्मान करने की प्रेरणा देता है।

## लखनऊ–बहराइच मार्ग पर भीषण हादसा, दो कारों की टक्कर में कार जलकर राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। लखनऊ–बहराइच मार्ग पर रविवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रुकनापुर स्थित सुकून पुरवा मदरसे के सामने अर्टिगा और स्विट डिजायर कार की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद स्विट डिजायर कार में आग लग गई और देखते ही देखते पूरी कार जलकर राख हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। हालांकि घायलों की संख्या और उनकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के चलते कुछ देर तक हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।



## तेज रतार अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, वृद्ध महिला की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र के खुटेहना चौकी अंतर्गत गोंडा–बहराइच मार्ग पर सोमवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्राइमरी विद्यालय कोल्हुवा के निकट एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक और वृद्ध महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान सरइया निवासी बड़का गांव, पयागपुर के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक का नाम फयाजुल बताया जा रहा है, जो उसी गांव का रहने वाला है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पयागपुर की खुटेहना चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर खुटेहना चौकी भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग और परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।



# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर दुःखहरण नाथ मंदिर पर डीएम व सीडीओ ने की जलाभिषेक तथा पूजा अर्चना

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में ष्सोमनाथ स्वाभिमान पर्वष के अंतर्गत जनपद में सोमवार को सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर सांस्तिक कार्यक्रम, जलाभिषेक, भजन–कीर्तन, महाआरती एवं पूजा–अर्चना का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव का पूजन कर जनकल्याण एवं सुख–समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम के क्रम में हनुमानगढ़ी मंदिर मालवीय नगर से बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं ने सहभागिता की। यात्रा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा शिव भजनों एवं जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर,गोण्डा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डीएम प्रियंका निरंजन एवं सीडीओ दयानन्द प्रसाद ने पहुंचकर कलश यात्रा में सहभागिता की तथा भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधि–विधान से पूजा–अर्चना की।इस अवसर पर मंदिर परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। उपस्थित अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्‍बोधन को सुना एवं कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों,जिनमें बाबा दुःखहरण नाथ महादेव मंदिर गोण्डा, बाबा पृथ्वी नाथ महादेव मंदिर खरगूपुर, बाबा बरखण्डी नाथ महादेव मंदिर करनैलगंज, बाबा बालेश्वर नाथ महादेव मंदिर वजीरगंज तथा महादेव शिव मंदिर मनकापुर सहित अन्य शिवालयों में सांस्तिक कार्यक्रम, भजन–कीर्तन, महाआरती, जलाभिषेक एवं पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी तथा पूरे जनपद में भक्तिमय वातावरण बना रहा।जनपद के अधिकारीगण मौजूद रहे।




## नानपारा बस स्टैंड पर लगी भीषण आग, बस बनी आग का गोला

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद के नानपारा रोड स्थित झींगहा घाट बस स्टैंड पर उस समय अफरा–तफरी मच गई जब अचानक एक बस में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस आग के गोले में तब्दील हो गई। घटना के दौरान बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलने लगी। हालांकि समय रहते सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।




# पुलिस और वन विभाग के संरक्षण में चला लकड़ियों का टाल (अड्डा) राष्ट्रीय राजमार्ग 330 की पटरियों पर कब्जा




दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में लगातार बढ़ रहा अवैध लकड़ी के टाल (अड्डे) का जाल जिम्मेदार नहीं दें रहे ध्यान।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस तरह से लकड़कट्टो का अड्डा जगह जगह अवैध टाल बन गये है,कुछ टाल (अड्डे) तो राष्ट्रीय राजमार्ग 330 (छभ्‍ 330) की पटरियों पर ही बन जाने से राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी खड़ा करता है।वहीं लकड़ी लदी रोड पर खड़े वाहनों और ट्रैक्टर ट्रालियों से भीषण दूर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।वहीं लोगों का कहना है कि इटियाथोक थाना क्षेत्र से गोन्डा एन.एच.330 राजमार्ग पर नये गांव के समीप हाईवे से सटाकर टाल (अड्डा)बना हुआ है,जो स्थानीय पुलिस और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का आश्रय प्राप्त है।इस तरह के अवैध तरीके से राष्ट्रीय राजमार्ग 330 (छभ्‍ 330) हाईवे के पटरियों को कब्जा कर रखे बड़े बड़े लकड़ी के बूटो को स्थानीय इटियाथोक पुलिस के जिम्मेदार भी ध्यान नहीं देते या यूं कहें की इनके संरक्षण में इस तरह मनबढ़ लोग पटरियों को छकाये हुए हैं।राहगीरों की मानें तो हाईवे रोड के किनारे पटरियों पर रखे लकड़ी के बूटों से बड़ी घटना घट सकती है अगर समय पर पुलिस और वन विभाग के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी को निभाए तो हो सकता है कि किसी राहगीर की जान और बड़ी दुर्घटना होने से बच जाए।

# भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला जनआक्रोश अभियान के तहत विपक्षी सांसद का घेराव किया प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विधानसभा रावटसगंज चुर्क मंडल के मुसही गांव में भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के सांसद छोटेलाल खरवार के खिलाफ जन आक्रोश एवं धरना प्रदर्शन किया भाजपा महिला कार्यकर्ता "सपा सांसद हाय–हाय" के नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि संसद में महिला आरक्षण संशोधन बिल का समाजवादी पार्टी और कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है, भाजपा सोनभद्र की ने महिला मोर्चा ने सांसद छोटेलाल खरवार के निवास के पास धरना देकर नारेबाजी की इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद रही आंदोलन का नेतृत्व कर रही महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि कांग्रेस, सपा सहित समस्त विपक्षी दलों ने महिला विरोधी काम किया है। उन्होंने महिलाओं का अधिकार छीना है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। वक्ता के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा




आमजन तक इस प्रकरण को ले जाकर विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब किया जाएगा भाजपा सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम कर रही है। क्षेत्रिय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने सवाल उठाया कि जब महिलाएं घर और परिवार की जिम्मेदारी बेहतर ढंग से संभाल सकती हैं तो राजनीति और समाज की व्यवस्था क्यों नहीं संभाल सकतीं। जिला मंत्री भाजपा मंजू गिरी ने कहा प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़ा है भाजपा जनाक्रोश कार्यक्रम मीनू चौबे ने कहा ने कहा कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल लागू करने की बात आई तो सभी विपक्षियों ने मिलकर उसका विरोध किया आज सभी महिलाएं इस विरोध के चलते आज सांसद का घेराव करने के लिए इकट्ठा हुई है क्योंकि यही सपा के लोग कांग्रेस के लोग महिला आरक्षण बिल का विरोध कर रहे हैं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा तो महिलाएं अपने अधिकार के लिए आज सांसद का घेराव करने के लिए यहां इकट्ठी हुई है ताकि सभी को पता लग जाए की महिला अपने अधिकार के लिए हर समय खड़ी रहती हैं कार्यक्रम का संचालन कर रही जिला महामंत्री प्रमिला त्रिपाठी ने कहा 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी वही दूसरी तरफ सपा सांसद के समर्थन में सपा की महिला कार्यकर्ता सांसद आवास पर पूरी तरह इनका मुकाबला करने के लिए डटी रही वहीं सपा सांसद छोटेलाल खरवार का कहना है कि यह महिला आरक्षण बिल 2023 में ही लागू हो गया था लेकिन आज भाजपा के लोग महिलाओं को मूर्ख बनाकर जो चुनाव जीतने की रणनीति बना रहे हैं वह हम लोग कभी होने नहीं देंगे। इस मौके पर लोकसभा के संयोजक सदर ब्लाक प्रमुख /क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा /जिला उपाध्यक्ष अजीत रावत लोकसभा संयोजक महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिंह विधानसभा के संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कुसुम शर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा यादव संचालन महिला मोर्चा की महामंत्री गुड़िया त्रिपाठी मीनू चौबे वंदना वर्मा ज्योति खरवार आरती चौबे रितु अग्रहरि वंदना वर्मा जी तारा देवी आशा देवी सरोज केसरी संगीता सिंह चलिए शकुंतला देवी शारदा देवी आशा देवी राधा देवी सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## नगर पंचायत क्षेत्र चुर्क–घुरमा में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बनाने हेतु कार्यवाही की जाये शीघ्र प्रारम्भ–जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति, सीवर लाइन एवं कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था व नाला निर्माण नगर पालिका क्षेत्र के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रावर्टसगंज, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को तत्काल भूमि चिन्हांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को निर्देशित किये कि नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु कार्ययोजना एक सप्ताह में तैयार कराकर उपलब्ध करायी जाये एवं नगर क्षेत्र के हर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने चुर्क–घुरमा नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी को दिये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सीवर सप्लाई से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने, डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से कराने तथा नगर क्षेत्र में साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0एन0डी0एस0 के ए0ई0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे नाले का निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुकेश कुमार, ए0ई0 जल निगम शहरी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथि बढ़ी'

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला पूर्ति अधिकारी श्री ध्रुव गुप्ता ने अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार माह मई 2026 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न (गेहूं एवं चावल) वितरण की अवधि बढ़ाकर 14 मई 2026 तक कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 08 मई 2026 तक कुछ उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न वितरण पूर्ण नहीं हो सका था, जिसके .ष्टिगत लाभार्थियों की सुविधा हेतु वितरण अवधि विस्तारित की गयी है, ताकि कोई भी पात्र कार्डधारक खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वितरण कार्य ई–पॉश मशीन के माध्यम से आधार आधारित प्रमाणीकरण के जरिए किया जाएगा। जिन लाभार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन किसी कारणवश नहीं हो पा रहा है, उन्हें मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने जनपद के समस्त राशन कार्डधारकों से अपील की है कि जिन परिवारों के सदस्यों की ई–केवाईसी अभी तक पूर्ण नहीं हुई है, वे संबंधित उचित दर दुकान पर उपस्थित होकर शीघ्र ई–केवाईसी पूर्ण कराएं, जिससे भविष्य में खाद्यान्न वितरण का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

## जनता दर्शन में उमड़ी फरियादियों की भीड़, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मौके पर दिए समाधान के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने सरकारी आवास 7–कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे सैकड़ों लोगों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपनी शिकायतें और सुझाव उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे।सुबह से ही उपमुख्यमंत्री आवास पर फरियादियों का तांता लगा रहा। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे, जिनसे उपमुख्यमंत्री ने एक–एक कर मुलाकात की और उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त किए। इस दौरान उन्होंने संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। जनता दर्शन में महिलाओं ने घरेलू विवाद, पेंशन और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं रखीं, जबकि बुजुर्ग स्वास्थ्य सेवाओं और राजस्व मामलों की शिकायत लेकर पहुंचे। किसानों ने सिंचाई, खाद की उपलब्धता तथा आवारा पशुओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वहीं युवाओं ने रोजगार और शिक्षा से संबंधित कठिनाइयों को उपमुख्यमंत्री के सामने रखा।कई गंभीर मामलों में उपमुख्यमंत्री ने तत्काल संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से फोन पर बात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" की भावना के साथ कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उसकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी गरीब, असहाय या जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय के लिए भटकना नहीं पड़े। शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर फरियादी को राहत महसूस होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।जनता दर्शन में पहुंचे लोगों ने उपमुख्यमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि यहां उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाता है और समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई भी होती है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को पोर्टल पर दर्ज कर उनका नियमित फॉलोअप कराया जाएगा, ताकि कोई भी मामला लंबित न रहे।

## 11 वर्षो से चल रहे आपसी मतभेदों को दूर कराया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के आदेशानुसार सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 जनवरी 2026 से "राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान" चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत् वर्ष 2018 में घरेलू हिंसा से संबंधित पंजी.त मुकदमा राज्य बनाम इमरान थाना– महिला थाना, सोनभद्र की पत्रावली न्यायालय सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0 (सी0ए0डब्लू0) द्वारा सुलह वार्ता हेतु 07.04.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए0डी0आर0 भवन जनपद न्यायालय में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में प्रेषित की गयी। राहुल, सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उक्त पत्रावली में मध्यस्थता की कार्यवाही हेतु मध्यस्थ अधिवक्ता श्री सोहनलाल को नियुक्त किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थ अधिवक्ता द्वारा त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण प्रक्रिया को अपनाया गया। मध्यस्थ अधिवक्ता द्वारा दोनों पक्षों से सौहार्दपूर्ण सुलह वार्ता कर उनके बीच विगत 11 वर्षो से चले आ रहे आपसी मतभेदों को दूर कराया गया। जिससे दोनों पक्षों के मध्य वर्ष 2015 से चले आ रहे वैवाहिक मतभेद दूर हुए और बिना किसी दबाव के दम्पत्ति राजी–खुशी एक–दूसरे के साथ स्वेच्छा से रहने को तैयार हो गये। आम जनमानस उक्त अभियान का लाभ उठाकर संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने मामले को चिन्हित करवाकर मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण करवा सकते हैं।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जनपद में दिखा आस्था व स्वच्छता का संगम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जनपद



सोनभद्र में श्रद्धा, स्वच्छता एवं सांस्.तिक गौरव का भव्य वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार सहित विभिन्न विकास खण्ड परिसरों में प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखया गया, इस दौरान जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी, हेमेन्त कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी, विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, राजेश भारती सहायक पर्यटन अधिकारी व कर्मचारियों एवं आमजन व महिलाओ ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न शिवालयों एवं मंदिर परिसरों में विशेष साफ–सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिरों की साफ–सफाई, रंग–रोगन एवं परिसर व्यवस्था के कार्यों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक, पूजा–अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्.ति, आध्यात्मिक परंपरा एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता एवं संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से स्वच्छता अभियान के रूप में आगे बढ़ाने एवं धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, धर्माचार्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मलिहाबाद में मामूली विवाद बना खूनी संघषर्रु शराब दुकान कर्मचारी की रॉड से हत्या, बीच-बचाव में युवक घायल, आरोपी फरार

लखनऊ। राजधानी के मलिहाबाद थाना क्षेत्र में रविवार सुबह मामूली कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। ग्राम ढेघ्डेमऊ स्थित सरकारी शराब की दुकान पर कार्यरत एक कर्मचारी की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई, जबकि बीच–बचाव करने पहुंचे एक अन्य युवक को भी चोटें आईं। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 9 बजे थाना मलिहाबाद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ढेघ्डेमऊ क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मृतक की पहचान अजय जायसवाल (35) पुत्र रामऔतार जायसवाल निवासी सैय्यद बाड़ा, थाना मलिहाबाद के रूप में हुई। अजय ग्राम ढेघ्डेमऊ में स्थित सरकारी शराब की दुकान पर कार्यरत था।प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया कि रविवार सुबह अजय जायसवाल का गांव निवासी ननक्के कश्यप (35) पुत्र राम स्वरूप कश्यप से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में लोहे की रॉड उठाकर अजय के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से अजय लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।घटना के दौरान जब रज्जन (35) नामक युवक ने बीच–बचाव का प्रयास किया तो वह भी हमले की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।दिनदहाड़े हुई हत्या की खबर फैलते ही इलाके में अफरा–तफरी और दहशत का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिनका रो–रोकर बुरा हाल था।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। फोरेंसिक साक्ष्य संकलन के साथ घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मामले में तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर घटना के पीछे की वजह स्पष्ट की जाएगी। स्थानीय लोगोंकेअनुसार, जिस तरह मामूली विवाद ने हत्या का रूप लिया, उससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## लखनऊ पुलिस की बड़ी सफलताः उत्तरी जोन सर्विलांस सेल ने बरामद किए 101 गुमशुदा मोबाइल, 21 लाख की संपत्ति लौटाई

लखनऊ। राजधानी में गुम हुए मोबाइल फोन तलाशने के अभियान में कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन कार्यालय की सर्विलांस सेल ने अथक प्रयासों के बाद विभिन्न कंपनियों के 101 गुमशुदा मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई गई है। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस टीम की जमकर सराहना की।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तरी जोन थाना क्षेत्रों से मोबाइल गुमशुदगी के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सर्विलांस पर लगाकर उनकी खोजबीन शुरू की गई थी।पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी और अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ट्विंकल जैन के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल और क्राइम टीम ने तकनीकी विश्लेषण और लगातार निगरानी के माध्यम से गुमशुदा मोबाइलों की तलाश की। उ0नि0 दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न जनपदों और लखनऊ के अलग–अलग क्षेत्रों से कुल 101 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए।रविवार को पुलिस उपायुक्त उत्तरी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए। लंबे समय से अपने मोबाइल फोन खो चुके लोगों ने जब अपने मोबाइल वापस पाए तो उनके चेहरे खिल उठे। नागरिकों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय, पुलिस उपायुक्त उत्तरी और सर्विलांस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे आमजन के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और सक्रियता का उदाहरण बताया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में नागरिक तत्काल संबंधित थाने या ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे तकनीकी माध्यमों से जल्द से जल्द मोबाइल की ट्रैकिंग और बरामदगी संभव हो सके। कमिश्नरेट पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।

## विलुप्त होती लोक वाद्य परंपरा को सहेजने की पहलः 'संपदा' कार्यक्रम में अलगोजा वादन का हुआ अभिलेखीकरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक संगीत परंपराओं और विलुप्तप्राय लोक वाद्यों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में "संपदा" कार्यक्रम के अंतर्गत विलुप्त होती अलगोजा वादन परंपरा के अभिलेखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी स्टूडियो, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ में संपन्न हुआ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका, 70 करोड़ क्रॉस हुआ कलेक्शन




रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी को फैंस भर–भरकर प्यार दे रहे हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है. राजा शिवाजी की स्टोरीलाइन और रितेश देशमुख की एक्टिंग को फैंस बहुत प्यार दे रहे हैं. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर.

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने शनिवार को 5.60 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 3962 शोज मिले. फिल्म को 27.8 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने 1.35 करोड़ हिंदी भाषा में और मराठी में 4.25 करोड़ कमाए. फिल्म ने टोटल नेट 61.45 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

वहीं ग्रॉस फिल्म ने 70 करोड़ का आंकड़ा टच कर लिया है. फिल्म ने टोटल ग्रॉस 72.91 करोड़ की कमाई कर ली है. बता दें कि फिल्म के शनिवार के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल सामने नहीं आए हैं.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो पहले दिन फिल्म ने 11.35 करोड़ कमाए. दूसरे दिन फिल्म ने 10. 55 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ. तीसरे दिन फिल्म ने 12 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 5.60 करोड़ कमाए. पांचवें दिन फिल्म का कलेक्शन 4.90 करोड़ रहा. छठे दिन फिल्म ने 4.25 करोड़ कमाए. सातवें दिन फिल्म ने 4 करोड़ कमाए. पहले हफ्ते में ही फिल्म ने 52.65 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था. आठवें दिन फिल्म ने 3.20 करोड़ का कलेक्शन किया.

फिल्म को रितेश देशमुख ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में रितेश देशमुख ही लीड रोल में हैं. वहीं जेनेलिया देशमुख, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त जैसे स्टार्स फिल्म में अहम रोल में हैं. इस फिल्म को शानदार रिव्यूज मिले थे. फिल्म में सलमान खान ने भी स्पेशल अपीरियंस दी थी. उनकी स्पेशल अपीरियंस को फैंस ने बहुत सराहा. अब फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर रही है. पहले दिन से ही फिल्म शानदार पेस में कमाई कर रही है.

वहीं दादी की शादी ने शनिवार को 1.15 करोड़ कमाए. फिल्म को 1771 शोज मिले. वहीं फिल्म को 17 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने पहले दिन 60 लाख कमाए थे. पहले दिन फिल्म को 1789 शोज मिले थे. फिल्म को 9 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने अभी तक टोटल 1.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

वहीं भूत बंगला के कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला. फिल्म ने शनिवार को 3 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 4115 शोज मिले और फिल्म को 16 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म का टोटल कलेक्शन 154.75 करोड़ हो गया है. फिल्म ने पेड प्रिव्यूज में 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं पहले दिन फिल्म ने 12.25 करोड़ कमाए थे. फिल्म पहले दिन से अच्छा परफॉर्म कर रही है. अब फिल्म 150 करोड़ क्लब में भी एंट्री कर चुकी है.

इस फिल्म को प्रियदर्शन ने बनाया है. फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं. फिल्म में वामिका गब्बी, मिथिला पालकर, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे स्टार्स भी अहम रोल में दिखे. फिल्म की स्टोरीलाइन को बहुत सराहा गया.

## पूजा हेगड़े का ग्लैमरस अवतार, बिकिनी टॉप और शॉर्ट्स में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर, वायरल हुई तस्वीरें

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म है जवानी तो इश्क होना है को लेकर चर्चा में है. फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर



देखने के लिए बेताब हैं. वहीं अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ ग्लैमरस फोटो शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है. पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार फोटोज शेयर की हैं. जिनमें उनका लुक देखने लायक है. पूजा हेगड़े फ्लोरल प्रिंटेड बिकिनी टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहन कहर ढा रही हैं. एक्ट्रेस का ये कतिलाना लुक देख फैंस उनसे नजर नहीं हटा पा रहे हैं. सटल मेकअप और खुले बालों ने पूजा हेगड़े बला की हसीन दिख रही हैं. उन्होंने कई मिरर सेल्फी ली है. शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी कॉन्फिडेंट नजर आईं. पूजा हेगड़े ने अपना कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट किया. उनकी ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं. अगर पूजा हेगड़े के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो जल्द ही है जवानी तो इश्क होना है फिल्म में नजर आएंगी. फिल्म ने वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी हैं. ये फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं.

## माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म मां बहन का फर्स्ट लुक आउट, नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित पिछले कुछ समय से अपनी अपकमिंग फिल्म मां बहन को लेकर



चर्चा में हैं. ये एक डार्क कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस फिल्म में एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी भी लीड रोल में नजर आएंगी. अब मदर्स डे को मौके पर फैंस को बड़ा सरप्राइज मिला है. दरअसल, फिल्म मां बहन का फर्स्ट लुक सामने आ गया है. फिल्म मां बहन जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने वाली है. फिलहाल इसकी रिलीज डेट अनाउंस नहीं हुई है. इस फिल्म में सोशल मीडिया स्टार धारणा दुर्गा भी अहम भूमिका निभा रही हैं. वहीं, दिग्गज एक्टर रवि किशन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. फिल्म मां बहन में माधुरी दीक्षित मां के किरदार में नजर आएंगी, वहीं धारणा और तृप्ति उनकी बेटियों का रोल प्ले करने वाली हैं. नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म मां बहन का वीडियो शेयर किया है, जिसमें धारणा, तृप्ति और माधुरी की झलक दिख रही है. तृप्ति और धारणा फिल्म में उनकी मां बनी माधुरी के बारे में बात करते दिख रही हैं. मेकर्स ने लिखा, मां के बारे में तो अब क्या ही कहें. मां बहन, जल्द आ रही है, केवल नेटफ्लिक्स पर. इस फिल्म के निर्देशक सुरेश त्रिवेणी हैं, जिन्हें साल 2017 में आई विद्या बालन की फिल्म तुम्हारी सुलु के लिए जाना जाता है. फिल्म मां बहन एक कंजर्वेटिव मोहल्ले में रहने वाली मां और उनकी दो बेटियों की कहानी है, जो अपने किचन में मिली एक लाश को छिपाने की कोशिश करती हैं. इस दौरान उनकी जिंदगी में कई मजेदार और चौंकाने वाले मोड़ आते हैं, जो कहानी को और दिलचस्प बना देते हैं.

## मनी हाइस्ट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी, निर्माताओं ने वीडियो जारी कर किया धमाकेदार ऐलान



मनी हाइस्ट के चाहने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, नेटफ्लिक्स ने साफ कर दिया है कि ये सुपरहिट शो अभी खत्म नहीं हुआ है। हाल ही में एक छोटा सा वीडियो (टीजर) जारी किया गया है, जिससे पता चलता है कि इस कहानी का अगला हिस्सा जल्द आने वाला है यानी प्रोफेसर और उनकी टीम एक बार फिर नए मिशन के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। हालांकि, ये साफ नहीं है कि कहानी सीजन 6 के रूप में आगे बढ़ेगी या किसी खास किरदार पर नई सीरीज आएगी। ये खबर इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि 15 मई को ही बर्लिन सीरीज का दूसरा सीजन रिलीज होने वाला है। नेटफ्लिक्स ने अचानक यूट्यूब पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को हैरान कर दिया है। मनी हाइस्ट का आखिरी सीजन साल 2021 में आया था, जिसके बाद से फैंस इसके लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

वीडियो की शुरुआत एक मैसेज से होती है, ये सब पैसों से शुरू हुआ और फिर सोने और खजानों तक जा पहुंचा। साथ ही इशारा है कि ये क्रांति अभी रुकी नहीं और अगला हिस्सा तैयार किया जा रहा है। डिस्क्रिप्शन में निर्माताओं ने बताया कि कुछ कहानियां एक सटीक हमले से शुरू होती हैं, लेकिन इस सीरीज ने सब बदल दिया। मनी हाइस्ट की कहानी नकद डकैती से शुरू होकर बैंक ऑफ स्पेन से सोना निकालने तक पहुंचती है।

एलेक्स पिना की बनाई मनी हाइस्ट की शुरुआत 2017 में स्पेनिश नेटवर्क से हुई थी, बाद में इसे नेटफ्लिक्स पर लाया गया। इस शो की कामयाबी को देखते हुए 2018 से 2021 तक इसके एक के बाद एक 5 सीजन रिलीज किए गए। इसी सीरीज ने दुनिया को प्रोफेसर के रूप में अल्वारो मोर्टे जैसे कलाकार से मिलवाया। भारत में भी मनी हाइस्ट को लेकर जबरदस्त दीवानगी है। यहां प्रोफेसर का किरदार और बेला चाओ गाना काफी लोकप्रिय है।

# घर पर फल का जूस बनाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, फायदे होंगे ज्यादा



आजकल बाजार में मिलने वाले फलों के जूस में अप्राकृतिक रंग और स्वाद मिलाने के साथ–साथ शक्कर भी मिलाई जाती है, जिससे उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप घर पर ही ताजे और मौसमी फलों से जूस बनाएं क्योंकि इससे आपको कई पोषक तत्व मिलेंगे। हालांकि, जूस बनाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए जानते हैं कि फल का जूस बनाते समय क्या–क्या ध्यान रखना चाहिए।

ताजे और मौसमी फल चुनें: फल का जूस बनाने के लिए हमेशा ताजे और मौसमी फलों का ही चयन करें। इससे न केवल आपको भरपूर पोषण मिलेगा, बल्कि जूस की ताजगी और स्वाद भी बेहतरीन रहेगा। इसके अतिरिक्त मौसमी फल अधिक सस्ते भी होते हैं। इसके साथ ही जूस बनाते समय फल को काटने से पहले उसे अच्छे से धो लें ताकि उस पर लगे कीटाणु और कीटनाशक आदि दूर हो जाएं। इस प्रकार जूस बनाने के लिए सही फलों का चयन करें।

मौसम के अनुसार चुनें फल का जूस: अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो उनके लिए जूस बनाते समय मौसम के अनुसार ही फल चुनें। उदाहरण के लिए गर्मियों में तरबूज, खरबूज और आम का जूस बनाना अच्छा है, जबकि बारिश के मौसम में संतरे, लीची, अनार और अंगूर आदि का जूस बनाना बेहतर है, वहीं सर्दियों में अनार, संतरा, अंगूर और सेब आदि का जूस बनाएं। इससे बच्चों को ताजगी और ऊर्जा मिलेगी, साथ ही वे बीमारियों से भी दूर रहेंगे।

चीनी का प्रयोग न करें

फल अपने आप में मीठे होते हैं और फल का जूस बनाते समय आपको चीनी का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, फल का जूस बनाने के लिए लोग अक्सर शक्कर डालते हैं, लेकिन इससे जूस की पौष्टिकता कम हो जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप चीनी की बजाय फल की मिठास पर ध्यान दें। अगर आपको फल का जूस थोड़ा फीका लगता है तो उसमें थोड़ा शहद मिलाएं।

जूस बनाते समय पानी का इस्तेमाल है गलत

अगर आप फल का जूस बनाने के लिए फल को जूसर में डालते समय पानी डालते हैं तो यह आपकी सबसे बड़ी गलती हो सकती है। इससे जूस की पौष्टिकता कम हो जाती है। इसलिए आप चाहें तो फल को जूसर में डालकर उसे मिक्सर ग्राइंडर कर सकते हैं। इससे आपके जूस में किसी भी तरह का पोषक तत्व कम नहीं होगा। हालांकि, अगर आप मिक्सर ग्राइंडर का इस्तेमाल करते हैं तो उसमें पानी की जगह बर्फ डालें।

जूस बनाने के बाद इसे स्टोर करने की गलती न करें

अगर आप फल का जूस बनाकर उसे कुछ घंटों बाद पीते हैं तो ऐसा करने से बचें क्योंकि इससे जूस के पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। दरअसल, जूस बनाने के बाद कुछ मिनट तक ही उसका सेवन करना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जूस को एयरटाइट कंटेनर में भरकर फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं। इससे जूस का स्वाद और उसकी पौष्टिकता बरकरार रहेगी।